# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, रविवार 21 सितंबर 2025


13 ला सेला ओपन : हिताशी और....








## खबर संक्षेप

### मांगः सीएम योगी पर बनी फिल्म 'अजेय' हो टैक्स फ्री




**भोपाल।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ट स्टोरी ऑफ ए योगी' रिलीज हुई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने फिल्म टैक्स फ्री करने की मांग की है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव फिल्म देखें, ताकि जनता में संदेश जाए की सीएम योगी का जीवन क्या है।

### सतना के अंशुमान ने सेना के लिए बनाए खास ड्रोन

**सतना।** जिले के गांव किटहा के रहने वाले युवा इंजीनियर अंशुमान शुक्ला ने भारतीय सेना के लिए ऐसा इनोवेशन किया है, जिस पर हर भारतीय गर्व कर सकता है। अंशुमान और उनकी टीम ने दो विशेष ड्रोन तैयार किए हैं अटैक ड्रोन और रिकॉन्स ड्रोन। ये दुश्मन पर सीधा हमला करने और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने में सक्षम हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित 609 ईएमई बटालियन कैंपस में इनका सफल परीक्षण किया गया।

**283** अरब डॉलर का भारतीय आईटी सेक्टर: भारतीय टेक प्रोफेशनल्स अमेरिकी एच 1 बी वीजा प्रोग्राम के सबसे बड़े लाभार्थियों में

# ट्रंप ने एच 1बी वीजा की फीस 88 लाख रु. की, भारतीय आईटी कंपनियों पर 'संकट'



*नैसकॉम का कहना है कि भारतीय टेक्नोलॉजी सर्विस कंपनियां लंबे समय से अमेरिका की कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। ऐसे में अचानक इतना भारी शुल्क लगाने से उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता कमजोर होगी। खासकर उन प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ेगा जो सीधे अमेरिका में चल रहे हैं*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका ने एच-1बी वीजा पर बड़ा कदम उठाते हुए आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) सालाना कर दिया है। पहले केवल 5 लाख रुपए लगते थे। व्हाइट हाउस के इस फैसले से भारतीय आईटी कंपनियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नैसकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे न सिर्फ बिजनेस कंटिन्यूटी पर असर पड़ेगा, बल्कि रोजगार पर भी सीधा असर होगा।

### इन तथ्यों को जानिएगा

- हर साल 6.5 लाख वीजा और 20 हजार अतिरिक्त वीजा (अमेरिकी उच्च डिग्री धारकों के लिए) दिए जाते हैं
- 2025 तक अमेजन को सबसे ज्यादा 10044 वीजा मिले, इसके बाद टीसीएस को 5505, माइक्रोसॉफ्ट को 5189, मेटा को 5123 और एप्पल को मिले

**नैसकॉम बोला-** रोजगार पर भी होगा असर, कंपनियों प्रोफेशनल्स और छात्रों के सामने छाई भारी अनिश्चितता

### ये भी डबल खतरा



### तो, आउटसोर्सिंग सीमित हो जाएगी

अमेरिकी सीनेटर बर्नी मोरेनो द्वारा पेश किया गया एचआईआरई एक्ट भी खतरे की घंटी है, जिसके लागू होने पर विदेशी कर्मचारियों की सेवाओं पर 25% टैक्स लगाया जाएगा। इससे आउटसोर्सिंग सीमित हो सकती है और भारतीय कंपनियों के लिए चुनौतियां और बढ़ सकती हैं।

### एच-1बी वीजा धारक अमेरिकी इनोवेशन ईकोसिस्टम का अहम हिस्सा

नैसकॉम ने कहा है कि एच-1बी वीजा धारक अमेरिकी इनोवेशन ईकोसिस्टम का अहम हिस्सा हैं। इन प्रोफेशनल्स को किसी भी तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं माना जाना चाहिए। उल्टा, यह प्रतिभा अमेरिका की टेक्नोलॉजी लीडरशिप को मजबूत करने में सहायक है।

छतरपुर में एक ही परिवार के 4 लोगों ने जहर खाया

## ट्रैक्टर की किस्त नहीं भरी थी, कंपनी ने लिखवाया-घर-जमीन सब रख लो

**पिता और बेटे की मौत पत्नी-दूसरा बेटा गंभीर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

छतरपुर में एक ही परिवार के 4 लोगों ने जहर खा लिया। इसमें किसान प्रकाश अहिरवार (35) उनके दो वर्षीय बेटे निहाल की मौत हो गई। पत्नी नंदिनी (29) और बड़े बेटे तनिष्क का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। घटना ओरछा रोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात की है। प्रकाश ने खेती के लिए ट्रैक्टर कर्ज पर लिया था। लगातार फसल खराब होने के कारण वे किस्त नहीं चुका पाए। दो दिन पहले ट्रैक्टर कंपनी के कर्मचारी घर पहुंचे और 30-40 हजार रुपए की किस्त जमा करने का दबाव बनाया। किस्त नहीं चुकाने पर ट्रैक्टर ले जाने की धमकी भी दी गई थी। परिजन के मुताबिक प्रकाश रात में टीवी सुधरवा कर लेकर आया। इसके बाद परिवार ने साथ खाना खाया। बाकी के लोग सो गए। कुछ देर में पता चला कि प्रकाश को पेट में तेज दर्द होने लगा। हमें लगा साधारण दर्द होगा।

### 3 किस्तों में 4 लाख की राशि वसूली गई

परिजनों के मुताबिक ट्रैक्टर कंपनी वालों ने एक आवेदन लिखा। इस पर पति और पत्नी से जबरन अंगूठा और साइन करवा लिए। आवेदन में लिखा कि है- विनम्र निवेदन है कि मैंने टीवी 9 कांट्रैक्ट से तीन किस्तों में 4,00,000 (चार लाख) की राशि ली थी। लेकिन मेरा सेठ मुझसे पहले मर चुका है और उस पर हुआ ऋण 2 महीने नहीं दे पाया हूं। इस समय 25-09-25 को 12 बजे तक हुआ राशि मैं चुका दूंगा। यदि नहीं चुकाया तो मेरे पास कोई भी समाधान का माध्यम नहीं है। 25-09-25 तक का समय साहब से चाहता हूं, अगर न दिया तो आप पहले ही मेरे ट्रैक्टर, मकान, खेत, जमीन रोक लें। मैंने लड़कों से झगड़े रोक दिए हैं। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# अन्नदाता

मध्यप्रदेश शासन

# पराली न जलाएं, धरती और जीवन बचाएं

उपजाऊ शक्ति में वृद्धि | प्रदूषण से मुक्ति | अर्थव्यवस्था को गति



## मिट्टी के रूप में मिले वरदान को नष्ट होने से बचाएं

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ये विकल्प अपनाएं

हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम यंत्र का उपयोग

हैप्पी सीडर और सुपर सीडर का उपयोग कर सीधी बोनी

रीपर से कटाई के बाद जीरो टिलेज मशीन से सीधे बोनी

बेलर मशीन का उपयोग कर धान की पराली और मक्के के तने के बेल्स बनाएं

धान की पराली का प्लेट्स, ब्रिक्स और बायो फर्टिलाइजर के निर्माण में उपयोग

JFarm Services

पराली हटाने के यंत्र
farmer.mpdage.org
पर खरीदें या
JFarm Services app
के जरिए
किराये से प्राप्त करें

## प्राकृतिक खेती को अपनाएं

मिट्टी की सतह पर सूक्ष्म जीवों के बढ़ावे से मिट्टी की उर्वर शक्ति में वृद्धि

रासायनिक पदार्थों से मुक्त होने से कैंसर जैसी घातक बीमारियों से मुक्ति

प्राकृतिक खेती से उत्पादन में कोई कमी नहीं

D-11108/25

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

**आइये, स्वस्थ मिट्टी, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के लिए पराली न जलाने का प्रण लें....**

जबलपुर

रविवार, 21 सितंबर 2025

आश्विन मास कृष्ण पक्ष–15

वर्ष : 20, अंक : 145

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 33

न्यून. 24

## खबर संक्षेप

### टीआई की इंसानियत पर डीजीपी ने दिया पुरस्कार



**धार।** भैंसोला में 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी की सभा थी। इसी दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति हाथों के सहारे जमीन पर सरकते हुए पंडाल से बाहर जाने का प्रयास कर रहा था। तभी धामनोद थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे ने दिव्यांग की परेशानी को देखा और उसे गोद में उठाकर वाहन तक पहुंचाया। इसकी जानकारी डीजीपी कैलाश मकवाना को लगी उन्होंने प्रोत्साहन स्वरूप पांच हजार रुपए की राशि देकर ठाकरे को पुरस्कृत किया।


### मप्र के 10 टाइगर भेजे जाएंगे ओडिशा, तैयारियां हुई तेज



**भोपाल।** मप्र ने उड़ीसा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ टाइगर भेजने की तैयारी तेज कर दी है। इन राज्यों के अधिकारियों को टाइगरों की सुरक्षा और प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए पत्र लिखा है। बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से करीब 10 टाइगरों का चयन कर छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा भेजा जाएगा। इनमें नर-मादा शामिल है। ताकि इन राज्यों में टाइगरों की संख्या बढ़ने के साथ ही जीन पूल भी सशक्त हो सके।

**गुजरात के भावनगर में पीएम मोदी ने कहा- 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत**

# चिप हो या शिप... हमें बनाने होंगे विदेशी निर्भरता सबसे बड़ा दुश्मन



*पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने भारत का अपना शिपबिल्डिंग ईकोसिस्टम लगभग खत्म कर दिया था। विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई। करीब 50 साल पहले भारत का लगभग 40% व्यापार अपने ही जहाजों के जरिए होता था, लेकिन अब यह घटकर सिर्फ 5% रह गया है*

जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता



करीब 6 लाख करोड़ रु. हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं, यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर

एजेंसी ▶▶ भावनगर (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। देशवासी यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 6 लाख करोड़ रुपए हर साल विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराए में दिए जाते हैं।

यह रकम भारत के रक्षा क्षेत्र के बजट के बराबर है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता।

» ***भावनगर में रोड शो किया और 34,200 करोड़ रु. की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया***

» ***कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया***

## कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के 6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण रहे- लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया।

### अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी

पीएम ने कहा कि आज भारत समुद्री क्षेत्र भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है। इसी सोच के साथ वन नेशन, वन डॉक्यूमेंट और वन नेशन, वन पोर्ट प्रोसेस लागू किया जाना है। भारत को सबसे बड़ी समुद्री शक्ति बनाने के लिए तीन बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है और आने वाले वर्षों में इस पर 70 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूती देने के लिए एक बहुत ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी है। जब देश को अपने जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) को मजबूत करना चाहिए था, तब कांग्रेस सरकारों ने विदेशी जहाज किराए पर लेना ज्यादा बेहतर समझा। इसके कारण भारत का अपना शिपबिल्डिंग ईकोसिस्टम लगभग खत्म हो गया और विदेशी जहाजों पर निर्भरता मजबूरी बन गई।

**मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक**

# जीएसटी रिफॉर्म्स और स्वदेशी अभियान पर सरकार-संगठन के बीच हुई समन्वय बैठक



» ***संगठन और सरकार एक ही दिशा में काम करें***

» ***अफसरों और नेताओं के बीच विवाद की खबरें चिंताजनक***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में शनिवार को सीएम हाउस में भाजपा और सरकार के बीच समन्वय बैठक हुई। इसमें जन-जन को जीएसटी रिफार्म का लाभ दिलाने, स्वदेशी अभियान में शामिल करने और सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि प्रदेश के कई जिलों में अफसरों और नेताओं के बीच विवाद की खबरें आना चिंता का विषय हैं। इन पर रोक लगाने के लिए जरूरी है कि संगठन और सरकार एक ही दिशा में काम करें। इस ओर सभी को ध्यान देना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, हितानंद, शिव प्रकाश, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन में समन्वय के लिए ऐसी बैठकें आगे भी होती रहना चाहिए।

### वोकल फॉर लोकल की भावना के अनुरूप गतिविधियां

डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा आरंभ किया गया है। इसके अंतर्गत आमजन की सक्रिय भागीदारी से सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास तथा वोकल फॉर लोकल की भावना के अनुरूप गतिविधियां जारी हैं। प्रत्येक वार्ड और ग्राम स्तर तक गतिविधियों का प्रभावी व्यवस्थित और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा अभियान', 'एक बगिया मां के नाम' और 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत पौधरोपण, नमो पार्क तथा नमो उपवन विकसित करने, विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, जनसामान्य को स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प सामग्री खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने जैसी गतिविधियां जनभागीदारी से संचालित की जा रही हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में 'विकसित भारत' थीम पर निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताएं तथा संगोष्ठियां भी हो रही हैं। संगठन और सरकार को सभी गतिविधियों पर नजर रखना है।







भारत-कनाडा ने माना कि राजनीतिक नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर फिर से भरोसे को बनाने और सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों से लड़ने और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की

## कनाडा की एनएसए के साथ अजित डोभाल की मुलाकात

# भारत-कनाडा साझा हितों के आधार पर मिलकर करेंगे काम, आतंकवाद समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में गुरुवार को को अपनी कनाडाई समकक्ष नतालि जी. ड्रूइन से मुलाकात की। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी।

यह पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कनाडा के समकक्ष मार्क कार्नी के बीच कनाडा के अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा को आगे बढ़ाने का भी अवसर था। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

पीएम मोदी और कनाडा पीएम मार्क कार्नी ने चर्चा को बढ़ाने की पैरवी की थी

व्यापार, ऊर्जा, नागरिक परमाणु, अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग



### जून 2025 के बाद हुई संबंधों में प्रगति

उन्होंने जून 2025 के बाद हुई प्रगति का स्वागत किया, जिसमें उच्चायुक्तों की वापसी भी शामिल है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संबंधों में स्थिरता बहाल करने और एक रचनात्मक एवं संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, नागरिक परमाणु, सुरक्षा व कानून प्रवर्तन, दुर्लभ खनिज, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संवाद तंत्र को फिर से सक्रिय करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई थी।

### खुफिया जानकारी साझा करेंगे

दोनों पक्षों ने माना कि राजनीतिक नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर फिर से भरोसे को बनाने और सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आतंकवाद विरोधी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों से लड़ने और खुफिया जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों ने सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और मौजूदा संपर्क तंत्रों को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

### क्षेत्रीय व वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार विमर्श किया

दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया और क्षेत्रीय व वैश्विक घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के नए अध्याय के लिए करीबी सहयोग करने और सहयोग का दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति जताई।

### विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित

इन चर्चाओं के आधार पर भारत और कनाडा ने 19 सितंबर को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय परामर्श (एओसी) आयोजित किया, जिसकी अगुवाई सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने की, जबकि कनाडाई पक्ष का नेतृत्व उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ये परामर्श पीएम मोदी और कनाडा के पीएम कार्नी के 17 जून 2025 को कनाडा के कनेनास्किस में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद हुए।

---

## विदेश में बजा स्वदेशी हथियारों का डंका, टाटा का इन्फेंट्री कॉम्बेट व्हीकल का प्लांट तैयार

रक्षा, रणनीतिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करेंगे, आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को की यात्रा के दौरान करेंगे उद्घाटन

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसका उद्देश्य रक्षा, रणनीतिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है। वे मोरक्को के उद्योग और व्यापार मंत्री रियाद मेजूर से भी मुलाकात करेंगे, ताकि औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर तलाशे जा सकें*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22 सितंबर से 23 सितंबर तक मोरक्को की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा मोरक्को रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के निमंत्रण पर होगी। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की मोरक्को की पहली यात्रा होगी, जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाती है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजनाथ सिंह की इस यात्रा के दौरान टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की नई निर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे, जो बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म 8×8 का निर्माण करेगी।

यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है।

बता दें, भारत और मोरक्को के संबंधों ने 2015 में पीएम नरेंद्र मोदी और मोरक्को के सम्राट मोहम्मद छह की भारत में हुई मुलाकात के बाद से गति पकड़ी है। आगामी यात्रा से खासकर रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।



### आतंकियों के खिलाफ होगा इस्तेमाल

भारतीय सेना इन व्हैप वाहनों को पहले से ही चीन सीमा से सटे पूर्वी लद्दाख में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर सैनिकों के मूवमेंट के लिए इस्तेमाल करती है। इसके अलावा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) भी जम्मू कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ इन विशेष वाहनों का इस्तेमाल कर रही है। खास बात ये है कि व्हैप एक एम्फीबियस व्हीकल है, जो नदी-नालों को भी आसानी से पार कर सकती है। रेगिस्तान में भी इन वाहनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। मोरक्को में इस्तेमाल होने के चलते इन व्हैप व्हीकल्स को अफ्रीका के रेगिस्तान में कड़े परीक्षणों से गुजरना पड़ा है।

### दूसरे देशों को करेंगे निर्यात

इन बख्तरबंद वाहनों पर गोली या फिर गोला बारूद का असर नहीं होता है। व्हैप में 30-40 एमएम की गन लगी हैं और ट्रूप कमांडर खास टरेट के जरिए दुश्मन पर ऊपर से फायरिंग कर सकता है। करार के मुताबिक, 18 महीने के भीतर टीएएसएल प्लांट से वाहनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। करीब पांच एकड़ में फैले इस प्लांट से हर साल 100 व्हैप वाहनों का निर्माण हो सकता है। उसके बाद माना जा रहा है कि प्लांट से अफ्रीका के दूसरे देशों को ये वाहन निर्यात किए जाएंगे।

### द्विपक्षीय बैठक करेंगे

इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसका उद्देश्य रक्षा, रणनीतिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है। वे मोरक्को के उद्योग और व्यापार मंत्री रियाद मेजूर से भी मुलाकात करेंगे, ताकि औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर तलाशे जा सकें। राजनाथ सिंह अपनी यात्रा के दौरान रबात में भारतीय समुदाय से भी बातचीत करेंगे।

### एमओयू साइन होगा

यात्रा के दौरान, भारत और मोरक्को के बीच रक्षा सहयोग के क्षेत्र में एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। यह समझौता द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा, जिसमें आपसी प्रशिक्षण, औद्योगिक साझेदारी और अन्य सहयोग शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के जहाज हाल के सालों में नियमित रूप से कैसाब्लांका बंदरगाह पर आते रहे हैं और यह समझौता इस साझेदारी को और सुदृढ़ करेगा।

### सितंबर 2024 में हुआ था करार




सितंबर 2024 में मोरक्को के रक्षा मंत्रालय ने टीएएसएल से व्हैप बख्तरबंद वाहनों को बनाने का करार किया था। इस व्हैप व्हीकल को टाटा ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर तैयार किया है। करीब 26 टन की इन मिलिट्री व्हीकल में ड्राइवर और कमांडर सहित कुल 12 सैनिक बैठ सकते हैं। सीमावर्ती और दूरदराज के उबड़-खाबड़ इलाकों में सैनिक इन वाहनों में बेहद तेजी से मूवमेंट कर सकते हैं।

---

## यूरोप में बड़ा साइबर हमला, विशेषज्ञ इस मामले को लेकर अलर्ट

मैनुअल की चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया

# कई हवाई अड्डों पर चेक-इन सिस्टम ठप, उड़ानों में 'देरी' से यात्री परेशान

एजेंसी ▶▶ लंदन

यूरोप के कई बड़े हवाई अड्डों पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम को निशाना बनाते हुए साइबर हमले किए गए। इन हमलों के कारण शनिवार को सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस तकनीकी समस्या के चलते यूरोप के प्रमुख हवाई अड्डों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। कई हवाई अड्डों पर मैनुअल प्रक्रिया अपनाकर ही उड़ानों का संचालन जारी रखा गया।

ब्रुसेल्स एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार रात को उनके चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम के सेवा प्रदाता पर साइबर हमला हुआ। जिससे तकनीकी व्यवस्था बाधित हो गई। इस वजह से एयरपोर्ट पर मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया कराई गई। इसके चलते उड़ानों के समय में गड़बड़ी और देरी हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से धैर्य रखने और उड़ानों की स्थिति की निरंतर जांच करने की अपील की है।



### बर्लिन और हीथ्रो एयरपोर्ट भी प्रभावित

जर्मनी के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि उनके सेवा प्रदाता के सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर हवाई अड्डा प्रशासन ने अपने नेटवर्क कनेक्शन को अस्थायी रूप से काट दिया। वहीं लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे ने भी तकनीकी समस्या की बात कही है। हीथ्रो एयरपोर्ट के अनुसार, कॉलीन्स एयरोस्पेस कंपनी जो कई एयरलाइनों को चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम मुहैया कराती है।

### सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्त किए

साइबर हमलों के कारण प्रभावित हवाई अड्डों ने अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल को सख्त कर दिया है। कई जगह पर सिस्टम को अस्थायी रूप से ऑफलाइन कर दिया गया है। ताकि आगे के हमलों को रोका जा सके। विशेषज्ञ इस मामले की गंभीरता को लेकर अलर्ट मोड में हैं और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम उठा रहे हैं

## भारत ने हमला किया तो सऊदी अरब देगा साथः पाक

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



रक्षा मंत्री आसिफ के बड़े बोल

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने फिर से अपने बड़बोला होने का परिचय दिया है। एक न्यूज चैनल पर इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते के बाद अगर भारत पाकिस्तान पर हमला करता है तो सऊदी अरब पाकिस्तान का समर्थन करेगा। दोनों देशों के बीच इस सप्ताह हुए समझौते में रणनीतिक आपसी मदद का प्रावधान है। ख्वाजा आसिफ ने बताया कि यह समझौता नाटो के आर्टिकल पांच की तरह है, जिसमें कहा गया है कि एक देश पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह समझौता आक्रामक नहीं, बल्कि रक्षा संबंधी है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अगर सऊदी अरब या पाकिस्तान पर कोई हमला होगा तो हम साथ मिलकर इसका मुकाबला करेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### रूस ने यूक्रेन के 9 शहरों पर किया हमला

**कीव।** शनिवार तड़के रूस ने यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी के अनुसार, इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि हमला यूक्रेन के नौ अलग-अलग स्थानों पर हुआ है, जिसमें ड्निप्रोपेट्रोव्स्क, मायकोलाइव, चेर्निहिव, जापोरिज्जिया, पोल्टावा, कीव, ओडेसा, सुमी और खारकीव शामिल है। ये हमला नागरिक इलाके को बनाया गया है।



### इजराइल को 6 अरब डॉलर के हथियार बेचेगा यूएस

**वाशिंगटन।** इजराइल को अमेरिका 6 अरब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपए) के हथियार बेचने जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने इसकी अनुमति भी दे दी है। प्रशासन ने अमेरिकी कांग्रेस को इस बारे में सूचित किया है। इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका इजराइल को 3.8 अरब डॉलर की कीमत के 30 एचएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर देगा। इसके अलावा, इस सौदे में 1.9 अरब डॉलर के 3,200 पैदल सेना के लिए बख्तरबंद वाहन शामिल हैं।



---

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का खुलासा

## दिसंबर 2027 में बुलेट ट्रेन का पहला चरण शुरू होगा, उचित होगा किराया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए शिलफाटा और घनसोली के बीच 4.88 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में शनिवार सुबह पूरा हो गया। वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि सूरत-बिलिमोरा खंड पर हाई-स्पीड कॉरिडोर का पहला चरण दिसंबर 2027 में शुरू हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि बुलेट ट्रेन मध्यम वर्ग के लिए परिवहन का साधन होगी और किराया उचित होगा। रेल मंत्री ने कहा कि गूगल मैप ऐप मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय नौ घंटे दिखाता है, लेकिन बुलेट ट्रेन से लोग यह दूरी दो घंटे सात मिनट में तय कर सकेंगे। वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला चरण 2027 में सूरत-बिलिमोरा खंड पर शुरू किया जाएगा।

## समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा करेगा 'अदम्य'




*पारादीप। ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर एफपीवी की श्रृंखला में पहला जहाज, अदम्य का जलावतरण किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित, 60% स्थानीय सामग्री के साथ, 51 मीटर लंबा यह जहाज आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। 3000 किलोवाट के दो इंजनों द्वारा संचालित, अदम्य 28 समुद्री मील की गति प्राप्त करता है। उन्नत हथियारों, स्वचालन और अत्याधुनिक प्रणालियों से लैस, अदम्य पारादीप, ओडिशा में तैनात होगा, जिससे समुद्री निगरानी, तटीय सुरक्षा और भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय तट रक्षक बल की क्षमता में वृद्धि होगी।*

### पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी!

## भारत के खिलाफ क्रिकेट मुकाबले में एंडी पायक्रॉफ्ट ही होंगे मैच रेफरी

एजेंसी ▶▶ दुबई



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले के लिए एंडी पायक्रॉफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्रॉफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है।

कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। पायक्रॉफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी है। विवाद की जड़ सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाने को लेकर है।


---

### उल्कापिंड या चाइनीज रॉकेट?

## दिल्ली-एनसीआर के आसमान में देर रात दिखी 'आग' पर तेज हुई बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के ऊपर आसमान में शुक्रवार रात 1:20 बजे दिखी आग जैसी चीज आखिर क्या थी? धधकते हुए तेजी एक सीध में बढ़ती इस रेखा को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अलीगढ़ और जयपुर तक से लोगों ने देखा। बहुतों ने इसे कैमरों में कैद भी किया। अब सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर बहस तेज है कि यह कोई उल्कापिंड था फिर चाइनीज रॉकेट का मलबा। दोनों ही संभावनाओं पर अभी किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



### अमेरिकन मेटोर सोसाइटी ने पर्सिड उल्का पिंड बताया

लोगों की अटकलों के बीच एक्स पर 'ग्रोक' ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में दिखी चमकती रेखा संभवतः चाइनीज रॉकेट सीजे-3बी का मलबा था जो वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कर रहा था। ग्रोक ने यह आकलन भविष्यवाणियों और वीडियो की विशेषताओं जैसे अपेक्षाकृत धीमी गति और टुकड़ों में बिखरना आदि के आधार पर किया। अमेरिकन मेटोर सोसाइटी के मुताबिक चमकता हुआ बोलाइड टूटा। किसी आसमानी मलबे या रॉकेट की रीएंट्री की पुष्टि नहीं हुई है। बोलाइड का अर्थ है 'वायुमंडल में प्रवेश के बाद विस्फोटित होने वाला बड़ा उल्कापिंड। सोसाइटी ने कहा कि रहस्यमयी रोशनी संभवतः पर्सिड उल्का वर्षा का हिस्सा हैं।

## चमोली में बादल फटने के बाद दिखा दिल दहलाने वाला मंजर

# मां की छाती से लिपटे थे जुड़वा बच्चे, मलबे से निकाले तीनों शव

एजेंसी ▶▶ चमोली

चमोली नंदानगर की आपदा ने कई घर उजाड़ दिए, लेकिन सबसे दर्दनाक तस्वीर जो सामने आई उसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। एक मां और दो जुड़वा बच्चों के शव। मलबे में लापता लोगों की तलाश की जा रही थी। तभी तीन शव मिले। दोनों जुड़वा बच्चे अपनी मां की छाती से चिपके थे। ये कुंवर सिंह का परिवार था।

16 घंटे तक मलबे में दबे रहने के बाद उन्हें जिंदा निकाला गया, लेकिन सब कुछ खोकर कुंवर सिंह टूट गए। बता दें, उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर के कुंतरी लगा फाली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मचाई। लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है।



रो पड़ा गांव



मजदूरी करके गांव में बनाया था घर

### रोशनदान से ले रहे थे सांस

गुरुवार को आई आपदा में पूरा घर मलबे में दब गया। सुबह जब राहत और बचाव कार्य शुरू शुरू हुआ तो मकानों से मलबा हटाने पर बचावकर्मियों को एक घर से किसी की आवाज सुनाई दी। रोशनदान से कमरे में देखा तो कुंवर सिंह के अंदर होने का पता चला। रेस्क्यू टीम ने तेजी से उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया।

### पिता को 16 घंटे बाद सुरक्षित निकाला

नंदानगर की आपदा में मलबे में दबे कुंवर सिंह 16 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। लेकिन उनके परिवार को बचाया नहीं जा सका। पत्नी और दो जुड़वा बच्चे आपदा में मारे गए। फाली लगा कुंतरी के बलवंत सिंह का एक बेटा परिवार के साथ दूसरे शहर में रहता है और दूसरा पुत्र कुंवर सिंह, पत्नी और जुड़वा बेटों के साथ गांव में रहते थे।

## पेंडेंसी कम करने की पहल, 899 मामलों पर हुई सुनवाई

पहली बार जमानत आवेदन के लिए बैठी थी एक साथ इतनी बेंच

# आठ स्पेशल बेचों ने निपटाए जमानत के 341 मामले, हाईकोर्ट में रचा गया इतिहास

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट द्वारा लंबित मामलों की संख्या (पेंडेंसी) कम करने के लिए नई पहल के तहत शनिवार को मुख्यपीठ जबलपुर में आठ स्पेशल बेचें बैठीं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के निर्देश पर विशेष रूप से जमानत के मामलों का निराकरण करने के लिए इन स्पेशल बेंचों का गठन किया गया था। सभी आठ स्पेशल बेचों ने कुल मिलाकर



899 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से से 341 मामले निराकृत कर दिए गए। ऐसा हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार हुआ, जबकि एक दिन में (वह भी शनिवार को, जब सामान्यतः कोर्ट का अवकाश होता है ) एक साथ आठ बेचें जमानत के आवेदनों पर सुनवाई करने बैठीं। पहली बार एक दिन में सर्वाधिक जमानत की अर्जियां भी निराकृत की गईं।

### इन जजों ने सुनी जमानत अर्जियां

जज - कुल आवेदन सुने -- निराकृत
जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल- 128 - 31
जस्टिस दीपक खोत - 109 - 41
जस्टिस अजय कुमार निरंकारी - 111 - 47
जस्टिस हिमान्शु जोशी - 112 - 47
जस्टिस रामकुमार चौबे - 111- 49
जस्टिस रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन 108- 10
जस्टिस बीपी शर्मा - 112 - 59
जस्टिस प्रदीप मित्तल - 108- 47
- कुल मामलों पर सुनवाई - 899

### दो बेचें नहीं बैठी

जस्टिस अचल कुमार पालीवाल, जस्टिस देवनारायण मिश्रा

### तेजी से बढ़ रहा है आंकड़ा

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन के अनुसार उन्होंने चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा को बताया था कि मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा करीब 3 हजार के पास पहुंच गया है। यह आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है।इसको लेकर वकीलों में पिछले कुछ समय से असंतोष व्याप्त है। फिलहाल तीन बेंचों द्वारा ही जमानत अर्जियों पर सुनवाई की जा रही है। इस संबंध में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया था। इसके बाद चीफ जस्टिस सचदेवा ने शनिवार को दस विशेष बेचों के गठन का निर्देश दिया था। जैन ने कहा कि हाईकोर्ट की यह पहल सराहनीय है। इससे बड़ी संख्या में जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को राहत मिली।

### दिन भर रही चहलपहल

शनिवार के दिन सामान्यतः हाईकोर्ट परिसर में सन्नाटा सा पसरा रहता है। फाइलिंग करने आने वालों के अलावा हनुमानजी के मंदिर में ही सुबह व शाम को लोग नजर आते हैं। शनिवार को लोक अदालत के दौरान ही यहां भीड़ रहती है। शनिवार को बिना लोक अदालत के पहली बार बड़ी संख्या में लोग हाईकोर्ट परिसर में नजर आए।सामान्य कार्यदिवसों की तरह इनमें पक्षकार, वकील, कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।

हाई कोर्ट ने टिप्पणी में साथ बैंक प्रबंधक के विरुद्ध जालसाजी का प्रकरण किया निरस्त

# दीवानी विवाद को आपराधिक मामला बनाना न्यायालय की शक्ति का दुरुपयोग

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि दीवानी विवाद को आपराधिक मामला बनाना न्यायालय की शक्ति का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी के साथ जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की सिंगल बेंच ने बैंक प्रबंधक के विरुद्ध जालसाजी का प्रकरण निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अधीनस्थ कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467 और 468 के तहत संज्ञान लेने में गलती की है। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक, भरतीपुर शाखा, जबलपुर के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक शिवकुमार निगम की याचिका से संबंधित था। उनकी ओर से आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मधु सोनकर ने एक मारुति कार खरीदने के लिए बैंक से ऋण लिया था, लेकिन ऋण की किस्तों का भुगतान न करने के कारण डिफाल्टर हो गईं। ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए सोनकर ने बैंक को दो लाख का एक चेक जारी किया। यह चेक अनादृत हो गया क्योंकि शिकायतकर्ता ने अपना बैंक खाता पहले ही बंद कर दिया था। बैंक ने चेक के अनादरण के मामले में सोनकर के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जो अदालत में लंबित था। उक्त लंबित मामले का गोपन कर सोनकर ने शिवकुमार निगम के विरुद्ध एक दुर्भावनायुक्त निजी परिवाद दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चेक पर उनके हस्ताक्षर तो असली हैं, लेकिन उस पर अंकित धनराशि उनके द्वारा नहीं लिखी गई है और इस तरह बैंक प्रबंधक ने जालसाजी और धोखाधड़ी की है। याचिकाकर्ता का तर्क था कि निचली अदालत ने बिना पर्याप्त साक्ष्यों की जांच किए केवल शिकायत पर ही इन गंभीर आरोपों के लिए मामले का संज्ञान ले लिया।

मोक्ष सेवा समिति ने निभाया सामाजिक दायित्व, पितृ पूजन में शामिल होंगे कोविड मृतकों के परिजन

# दो लावारिस शवों का तिलवारा घाट पर किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि, जबलपुर।

मानवता के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हुए मोक्ष सेवा समिति द्वारा शनिवार को दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार तिलवारा घाट नर्मदा तट पर संपन्न कराया गया। इन शवों में एक 65 वर्षीय महिला और एक 60 वर्षीय पुरुष शामिल थे, जिन्हें थाना जीआरपी पुलिस द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने मोक्ष सेवा समिति के संयोजक आशीष ठाकुर से संपर्क किया और विधिवत अंतिम संस्कार की व्यवस्था कराई। अंतिम संस्कार के समय समिति के सदस्य वीरू बरमन, आकाश कोरी, श्रेयांश चक्रवर्ती, आकाश बागरी, विकास, प्रशांत सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संस्था का मानवीय कर्तव्य

इस अवसर पर संयोजक आशीष ठाकुर ने कहा कि लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करना संस्था का मानवीय कर्तव्य है। हर इंसान को सम्मानजनक विदाई मिलनी चाहिए, चाहे वह पहचान वाला हो या अज्ञात। संस्था निरंतर इस दिशा में कार्यरत है।



### आज तिलवारा में वार्षिक पिंडदान

गौरतलब है कि आगामी पितृ पक्ष के अवसर पर रविवार 21 सितम्बर को वार्षिक पिंडदान एवं पितृ पूजन का आयोजन भी तिलवारा घाट पर दोपहर में किया जाएगा। इस अनुष्ठान में कोविड काल में दिवंगत हुए व्यक्तियों के परिजन भी शामिल होंगे और अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे।

### उपस्थिती की अपील

मोक्ष सेवा समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर शामिल होकर न केवल अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करें, बल्कि उन अंजान आत्माओं की शांति के लिए भी प्रार्थना करें, जिनका कोई परिजन अंतिम संस्कार के लिए उपस्थित नहीं हो पाता।

फ्लाई ओव्हर भी होगा मैराथन के रूट का हिस्सा

# आत्मनिर्भर भारत की थीम पर नमो मैराथन आज

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत रविवार 21 सितम्बर को जबलपुर में नमो मैराथन का आयोजन किया गया है। आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की थीम पर आयोजित की जा रही नमो मैराथन सुबह 7 बजे से राइट टाउन स्टेडियम से शुरू होगी। करीब 5 किलोमीटर लंबी नमो मैराथन शहर के हजारो युवा एवं नागरिक शामिल होंगे। मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। नमो मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप देने आज शनिवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी, जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे तथा उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा से जुड़े अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि नमो



मैराथन में शामिल होने के इच्छुक नागरिक और युवा सुबह 6 बजे राइट टाउन स्टेडियम पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। मैराथन में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति वेबसाईट के माध्यम से अभी से अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। नमो मैराथन सुबह 7 बजे राइट टाउन स्टेडियम से शुरू होगी तथा यह जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक से रानी दुर्गावती फ्लाई ओव्हर के ऊपर मदन महल चौक और महानद्दा से शास्त्री ब्रिज होते हुए तीन पत्ती चौक से वापस राइट टाउन स्टेडियम पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत तीन पत्ती चौक पर जागरूकता कार्यक्रम

# हेलमेट और सीट बेल्ट हमारे सुरक्षा कवच



हरिभूमि, जबलपुर।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के तत्वावधान में शनिवार को तीन पत्ती चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट और सीट बेल्ट हमारी सुरक्षा कवच हैं, जिन्हें हमें आदत बनाकर हमेशा उपयोग करना चाहिए। कप्तान उपाध्याय ने कहा कि यातायात पुलिस केवल दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।

### जागरूक कर बांटे हेलमेट

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, यातायात संकेतों का पालन करने और सीट बेल्ट के उपयोग को लेकर विस्तार से समझाया। इस दौरान कप्तान उपाध्याय ने स्वयं आमजन को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए ताकि वे सुरक्षित यात्रा के प्रति प्रेरित हो सकें।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एएसपी ट्रैफिक अंजना तिवारी, डीएसपी संतोष शुक्ला, सीएसपी ओमती सोनू कुर्मी, टीआई ओमती राजपाल सिंह बघेल, आरआई जेपी आर्य समेत अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### *अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाईजरों पर होगी सख्त कार्रवाई*

**जबलपुर**। शनिवार अवकाश के दिन भी निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी विभागीय प्रमुखों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने कॉलोनी सेल, भवन शाखा, अतिक्रमण, स्वास्थ्य, लोककर्म, सीवर, जल, विधि, एवं अन्य विभागों के कार्यो की जानकारी ली तथा सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यो में सुधार लाने तथा गंभीरता के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने दो टूक शब्दों में कहा कि नवरात्रि पर्व तक कोई भी छुट्टी किसी को नहीं दी जायेगी और यदि बिना छुट्टी लिये अथवा बिना बताए कार्यालय से अनुपस्थित रहता है तो उसके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। निगमायुकत ने यह भी हिदायत देते हुए कहा कि सभी विभागीय प्रमुख अपने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण रखें। बैठक में उन्होंने कॉलोनी सेल प्रभारी को निर्देशित किया कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाईजरों पर एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। निगमायुक्त ने नगर निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए भी आय को स्त्रोतों को बढ़ाने विशेष जोर दिया और सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी लोग राजस्व विभाग के अमले को सहयोग प्रदान करें ताकि आय में वृद्धि हो सके। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## नौसिखिए चालक की गलती से भिड़ीं कार और तूफान

# जबलपुर फ्लाईओवर में पहला सड़क हादसा

हरिभूमि, जबलपुर।

दमोह नाका–मदन महल फ्लाईओवर पर शनिवार दोपहर पहला सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक नौसिखिया कार चालक की लापरवाही के चलते स्विफ्ट डिजायर और तूफान वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर अफरातफरी का माहौल बन गया और यातायात कुछ देर तक बाधित रहा।

लार्डगंज थाना उपनिरीक्षक अशोक दुबे ने जानकारी दी कि स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी 20 जेडएन 2597) तेज रफ्तार से रॉन्ग साइड से आ रही थी। उसी दौरान सामने से तूफान वाहन भी तेज गति में आ रहा था। दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ, लेकिन दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जमा हो गए।



### ट्रैफिक पुलिस के लिए चेतावनी

फ्लाईओवर के शुरू होते ही पहला हादसा होना ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए चालकों और नौसिखियों के लिए फ्लाईओवर पर ट्रैफिक गाइडलाइन और चेतावनी संकेतक और स्पष्ट किए जाने जरूरी हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं टाली जा सकें।

### चालक की गलती से हुआ हादसा

स्विफ्ट कार चालक हृदेश साहनी ने पुलिस को बताया कि वह नया चालक है और उसे सही दिशा समझ नहीं आई। इसी वजह से कार रॉन्ग साइड में चली गई और सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई।

## शहर में श्वानों की संख्या बढ़ी

**जबलपुर**। शहर के कई इलाकों में श्वानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे सड़क पर गुजरने वालों को देखते ही भौंकने लगते हैं और उनकी पीछे दौड़ने लगते हैं और कई लोगों को काट भी चुके हैं। नगर निगम को इस पर ध्यान देना चाहिए।

सराफा व्यापारी को वीडिया कालिंग कर धमकाया

# बेटे को बंधक बनाकर 76 ग्राम सोना लेकर भागे बदमाश

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में गत दोपहर एक सनसनीखेज वारदात ने को स्तब्ध कर दिया। बदमाशों ने सराफा कारोबारी अंकित सोनी को बरेला में झांसा देकर बुलाया, कट्टा अड़ाकर बंधक बना लिया और मारपीट की। इसके बाद वीडियो कॉल पर उसके पिता राजाराम सोनी को बेटे की कनपटी पर कट्टा ताने हुए दिखाया और धमकी दी कि जितना सोना है दे दो, वरना बेटे की हत्या कर देंगे। भयभीत पिता ने घर और दुकान से करीब 76 ग्राम सोना सौंप दिया, जिसके बाद आरोपी भरी बाजार से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई और मोबाइल लोकेशन के आधार पर बरेला पहुंची। वहां से अंकित को घायल अवस्था में दस्तयाब कर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अंकित ने पुलिस को बताया कि 18 सितम्बर की दोपहर दो युवक और एक युवती उसकी दुकान पर पहुंचे थे। युवकों ने कुछ सोना दिखाते हुए कहा कि इसे बेचना है।

बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि बरेला में और सोना रखा है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। अंकित उनके बहकावे में आकर अपनी बाइक से उनके साथ चल पड़ा। रास्ते में बिलहरी के पास युवती उतर गई, जबकि अंकित दोनों युवकों के साथ बरेला पहुंचा। वहां पहुंचते ही बदमाशों ने उसे बंधक बना लिया, कट्टा अड़ाकर मारपीट की और उसके पिता से वीडियो कॉल पर बातचीत कराई।



### दिनदहाड़े दुकान से सोना लेकर फरार

पुलिस की जांच में सामने आया कि अंकित को बरेला में बंधक बनाने के बाद दो बदमाश सराफा क्षेत्र में उसके घर और दुकान पहुंचे। उन्होंने पिता को धमकाते हुए बताया कि उनका बेटा उनके कब्जे में है। वीडियो कॉल में बेटे की कनपटी पर कट्टा देख राजाराम सोनी घबरा गए और सोना दे दिया। सोना लेकर आरोपी दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके से फरार हो गए। पुलिस को मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार इस वारदात में चार से अधिक आरोपी शामिल हैं। सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं जिनमें बदमाशों के हुलिए स्पष्ट दिख रहे हैं। फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान कर धरपकड़ में जुटी है।

### पुलिस की चुनौती

सराफा कारोबारियों के साथ हुई इस संगठित वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने व्यापारियों में दहशत फैला दी है। पुलिस का कहना है कि बदमाश जल्द गिरफ्तार होंगे और लूटे गए सोने की बरामदगी की जाएगी।

## *मंदिरों पर तैनात होगी महिला पुलिस, सीसीटीवी से होगी निगरानी*

# नवरात्र में सुरक्षा के लिये पुलिस ने बनाया एक्शन प्लान

हरिभूमि, जबलपुर।

नवरात्र पर्व पर महिलाओं की सुरक्षा, चोरी और लूट जैसी वारदातों पर रोक लगाने के लिए जबलपुर पुलिस ने सख्त तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बताया कि इस बार विशेष रणनीति बनाई गई है, जिसके तहत सुबह 4 बजे से ही पैदल दर्शन के लिए निकलने वाली महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए रात्रि व प्रभात गश्त बढ़ाई जा रही है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में फिक्स प्वाइंट बनाकर वहां स्वयं गश्त करें। उनके साथ 3-3 संभागीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पुलिस का मानना है कि सड़कों पर लगातार पुलिस की मौजूदगी अपराधियों और हुड़दंगियों में दहशत बनाए रखेगी।



### सुबह 4 बजे तैनात होगी महिला पुलिस

शहर के बड़े और भीड़भाड़ वाले मंदिरों बड़ी खेरमाई, छोटी खेरमाई, सदर काली मंदिर, त्रिपुर सुंदरी, गौतमजी की मढ़िया, जय मातेश्वरी मंदिर, पंडा की मढ़िया सहित बरेला शारदा मंदिर में सुबह 4 बजे से ही महिला पुलिस तैनात रहेगी। मंदिरों और पंडालों की समय-समय पर थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी स्वयं निगरानी करेंगे।

### सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से चौकसी

पुलिस ने नवरात्र के पूरे 10 दिनों तक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे सक्रिय कर दिए हैं। कंट्रोल रूम में 24 घंटे दो अधिकारी फुटेज पर नजर रखेंगे। जेबकतरों और चोरों पर नजर रखने के लिए पुलिस बल सादे लिबास में भी तैनात रहेगा। किसी भी विवाद या झगड़े की स्थिति में पुलिस को सूचना मिलने पर 5 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### समितियों और वालेंटियरों से तालमेल

थाना प्रभारी स्थानीय समितियों और वालेंटियरों से संपर्क बनाए रखेंगे ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों और रामलीला जैसे आयोजनों में भी पुलिस लगातार निगरानी रखेगी।

### विघ्न संतोषियों पर कड़ी नजर

एसपी सम्पत उपाध्याय ने कहा, “नवरात्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिरों के आसपास 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेगी। महिला पुलिस बल को भी सक्रिय रूप से तैनात किया गया है। किसी भी विवाद या संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम या डायल 112 पर दें, पुलिस 5 मिनट में मौके पर होगी।”

## खबर संक्षेप

### प्रतिपदा पर प्रभात फेरी एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन

**जबलपुर।** शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति (सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल) के तत्वावधान में प्रतिपदा तिथि को भव्य प्रभात फेरी एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पावन यात्रा 22 सितम्बर, प्रातः 7:30 बजे श्री दुर्गा हनुमान मंदिर प्रांगण, चेरीताल से प्रारंभ होगी। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर प्रांगण में पहुँचेगी, जहाँ महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से इस मंगल आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने का विनम्र अनुरोध किया है।

### मेरा युवा भारत विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** मेरा युवा भारत पूर्व में (नेहरू युवा केन्द्र) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को देश के विकास, नीति निर्माण और नेतृत्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। क्विज की समय सीमा 01 सितम्बर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक है। क्विज में 20 प्रश्न 20 अंक के होंगे एवं समय सीमा 10 मिनट रहेगी। न्यूनतम 7 अंक लेना अनिवार्य है। विजेताओं का चयन उच्चतम अंक प्राप्त करने वालों में से कम्प्यूटर आधारित लाटरी प्रणाली से किया जाएगा। उक्त क्विज प्रतियोगिता चार चरणों में होगी।

### शौर्य यात्रा वाहन रैली का आयोजन आज

**सिहोरा।** भारत के अमर सपूत राजा शंकर शाह पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर शौर्य यात्रा एंव वाहन रैली का आयोजन आज रविवार को प्रातः 8.30 बजे से किया गया है। कार्यक्रम संयोजक कुंवर नीलेश प्रताप सिंह राजा भंडारा ने बताया वाहन रैली में राजा शंकर शाह,कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान स्थल की माटी कलश में संग्रह करके लाई जा रही जो कि पचेल गढ़ में स्थापित की जाएगी। तथा सिहोरा में शौर्य यात्रा एंव वाहन रैली निकाली जायेगी।

### मंगलवार को होगा कॉफी विद एक्सपर्ट्स कार्यक्रम

**जबलपुर।** नए बिजनेस आइडिया के साथ नया उद्यम स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिये कलेक्टर कार्यालय स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में नवाचार के तहत मंगलवार 23 सितंबर को शाम 4 बजे से कॉफी विद एक्सपर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कॉफी विद एक्सपर्ट का यह कार्यक्रम एक जिला-एक उत्पाद के तहत जबलपुर के लिये चयनित हरा मटर पर केंद्रित होगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार कॉफी विद एक्सपर्ट के इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, खाद्य सुरक्षा, एफएसएसएआई, उद्योग विभाग एवं एमपी जीएसटी विभाग के अधिकारी तथा वित्त सलाहकार एवं उद्यमी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उद्यमियों के लिए एक सकारात्मक अवसर है।



### साज सज्जा, मूर्ति स्थापना की तैयारियां लगभग पूर्ण

# कल से शारदेय नवरात्र पर्व की धूम

**आदिशक्ति मां जगदम्बे की उपासना का महापर्व शारदेय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। नगर के मठ मंदिरों व देवी देवालयों की रंगाई पुताई का काम पूरा हो चुका है। रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से मंदिरों को सजाया गया है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रुप देने में लगे हुए है।**

**हरिभूमि जबलपुर।** कल नवरात्र के प्रथम दिन बैठकी पर कई स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना हो जाएगी। देवी देवालयों में जवारो की स्थापना होगी और देवी भक्त नौ दिनों का उपवास करेंगे। नौरात्रि पर नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों का सिलासिला अनवरत चलेगा। बाजारों में पूजन सामाग्री की दुकाने सज गई है। फलाहारी आईटमों की आवक भी अच्छी हुई है। वहीं अभी तक प्रशासनिक स्तर पर की जाने वाली तैयारियां नदारत है। सड़कों पर अंधेरा छाया हुआ है स्ट्रीट लाईटें बंद पड़ी हुई है। मंदिरों के आसपास और मुख्य मार्गो पर साफ सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। ऐसे में श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती है। रात में पुलिस गश्त की व्यवस्था भी अब लाजमी हो गई है।

यहां उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में महिलाएं बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई मंदिर में जल ढारने रात 3 बजे से ही नहा धोकर घरों से निकल पड़ती है। अंधेरे में मंदिर का रास्ता तय करने के लिए यहां सड़कों पर स्ट्रीट लाईट और साफ सफाई की व्यवस्था दुरस्त होनी चाहिए। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था भी चुस्त होनी चाहिए। रात में आवारागर्दी करने वालों पर कड़ी पाबंदी लगायी जाये ऐसी जनापेक्षा है।

## गढ़ा रामलीला में किया गया राम जन्मोत्सव का मंचन



**जबलपुर।** सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में शनिवार को रामजन्म उत्सव की लीला हुई। जगत कल्याण करने हेतु अयोध्या के सम्राट दशरथ के राजमहल में अपनी शक्तियों के साथ श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के रूप में अवतरित हुए। राम जन्म होते ही परंपरागत रूप से मंच पर शोहरी गायन, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री लोकराम कोरी, निर्देशक राजेश मिश्रा, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, डॉक्टर भूपेंद्र उपाध्याय, राजेश नेमा, राजेश मिश्रा, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयाँ दी। आज रविवार को सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, पंडा प्रसंग, नगर भ्रमण एवं पुष्प वाटिका की लीला का मंचन होगा।

## श्री शारदा आशीष दरबार में कलश स्थापना कल



**जबलपुर।** माँ की आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में चैत्र नवरात्र का आयोजन आशीष भैया द्वारा 22 सितंबर सोमवार को शाम 7:30 बजे अखंड ज्योति कलश तथा खप्पर जवारे की स्थापना दरबार प्रांगण में की जायेगा। मां श्री शारदा दरबार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मिलन मुखर्जी, सचिव जयंत क्षिरसागर, संजय बारहा, पंडित- सुबोध मिश्रा, सरबजीत सिंह तग्गड़, मोहन चंद जोशी, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तिलकराज रतलानी, सिमरन कौर तग्गड़, श्रीमती कमलेश बेरी, श्रीमती कल्पना महाजन, सीमा मिश्रा, मोनी पांडे, आरती द्विवेदी, श्रीमती हेमलता उपाध्याय, श्रीमती जोशी टीना डोढियाल, वंदना रॉय, शीला कुशवाहा,वीवेक त्रिपाठी, आदि ने उपस्थिति की अपील की।

## धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर बाजार



**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर बाजार में भगवान की आरती डॉक्टर शंकर पांडे, अभिषेक चौकसे, संदीप चौकसे, नरेश तिवारी, रामस्वरूप श्रीवास, कन्हैया तिवारी, द्वारा की गई। लीला के दौरान अहिल्या माता श्रापित थीं, भगवान के श्री चरण से उन्हें पुनर्जीवन प्राप्त हुआ, का मंचन हुआ। जनक की नगरी में प्रवेश, पुष्प वाटिका, गौरी पूजन के साथ लीला को विराम दिया गया। 21 सितंबर दिन रविवार को धनुष यज्ञ भंजन, लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन होगा। उपस्थिति की अपील सीताराम कुरचानिया, मधुर तिवारी, तन्मय तिवारी, देव कुरचानिया, ध्रुव शुक्ल, आकाश नायडू, विजय ठाकुर, रजनीकांत अवस्थी, ज्ञानचंद गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, सात्विक शुक्ला, आदेश दीक्षित, अनिल महावर, सुनील महावर, प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई ने की है।

## मेडिकल अस्पताल की सफ़ाई एजेंसी पर कार्यवाही केवल खानापूर्तिः कांग्रेस



**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में मरीजों के पैर चूहों द्वारा कुतरने की घटना पर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही उजागर होने पर मेडिकल कॉलेज अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग संबंधी ज्ञापन युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रिज़वान अली कोटी एवं NSUI प्रदेश प्रवक्ता राहुल रजक के नेतृत्व में संभागीय उपायुक्त कविता बाटला को सौंपा गया। ज्ञापन के दौरान मज़हर उस्मानी, आसिफ़ इक़बाल, बादल पंजवानी, कपिल भोजक, सागर शुक्ला, एजाज़ अंसारी, फिज्जू खान, सैफ़ मंसूरी, अनुराग शुक्ला, वाजिद क़ादरी, शफी खान, एडवोकेट अयाज़ खान, एडवोकेट जावेद खान, वक़ार खान आदि उपस्थित थे।

## किड्स इंटरनेशनल स्कूल में 'वर्ल्ड फेस्ट डे एवं फेस्टिवल कार्निवल' कार्यक्रम संपन्न



**जबलपुर।** हमें बड़ा गर्व हो रहा है कि हर साल की तरह इस साल भी हमारे केंगरू किड्स इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण मे छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा वर्ल्ड फेस्ट डे एवं फेस्टिवल कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों, शाला स्टाफ का मन मोह लिया।

## नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम, सामाजिक चेतना केंद्र का शुभारंभ



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी कारियापाथर में नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान अध्यापक छाया जैन की अध्यक्षता में सामाजिक चेतना केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजली सेलेट, विशिष्ट अतिथि केशव दुबे ग्रामीण बीआरसी और शाला के समस्त शिक्षकों एवं अक्षर साथियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, आदि सभी उपस्थित रहे।

## स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की जयंती मनाई गई



**जबलपुर।** आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केंद्र में निवृत्त शंकराचार्य महामंडलेश्वर पद्म विभूषित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की जयंती आज मनाई गई। समन्वय परिवार के ट्रस्टी रविंद्र राठी और कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर बुधरानी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम प्रातः 11:00 से आरंभ हुआ जिसमें प्रार्थना, गुरु पादुका पूजन, आरती और प्रसाद वितरण शामिल है। कार्यक्रम में स्वामी गिरिजानंद सरस्वती, महंत प्रकाशानंद, डॉक्टर जितेंद्र जामदार, डॉक्टर पवन स्थापक, डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव, हेमंत मोड़, गणेश नारायण पुरोहित, राजेंद्र मघरिया, शिव शंकर दुबे, कृष्ण कुमार सुहाने, नारायण बुधरानी, उमेश पिल्ले, देवेंद्र विश्वकर्मा और कमल सिंह कुशवाहा उपस्थित थे।

## हरि सिंह रूपराह महाविद्यालय में शिक्षा सप्ताह का समापन



**जबलपुर।** हरि सिंह रूपराह महाविद्यालय में 13 से 20 सितम्बर तक आयोजित शिक्षा सप्ताह का समापन शनिवार को 'सिनोरीया' नामक एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। 'सिनोरीया' नाम छात्रों ने सिंफनी और यूफोरिया को मिलाकर बनाया जो ज्ञान और आनंद का संगम दर्शाता है। इस दौरान छात्रों ने एफआईआर से लेकर मॉक ट्रायल और मूट कोर्ट तक आपराधिक न्याय प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह द्वारा विशेष व्याख्यान और क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन जैसी गतिविधियाँ विशेष आकर्षण रहीं। समापन समारोह में महाविद्यालय बॉलीवुड के रंग में रंग गया। कोई "भूल भुलैया" के अक्षय कुमार बना तो कोई "जब वी मेट" की करीना कपूर। "भुमरो" लुक में छात्राओं की प्रस्तुति ने खासा ध्यान खींचा। कार्यक्रम में डांस, कविता पाठ, गेम्स और फूड स्टॉल्स (इडली, चाट, फुल्की) की भरमार रही। खास बात यह रही कि आयोजन के लिए छात्रों ने कॉलेज से एक भी रुपया नहीं लिया। संसाधनों का रचनात्मक उपयोग कर उन्होंने सब कुछ स्वयं किया।

## हनुमानताल में पर्युषण महापर्व पर हुई वेशभूषा प्रतियोगिता




जबलपुर। शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर हनुमानताल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद सुंदरी संभाग मुनि सुब्रतनाथ शाखा द्वारा पर्युषण दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दो ग्रुप – ए और बी बनाए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न धार्मिक व सामाजिक विषयों पर आधारित वेशभूषाएं धारण कर प्रस्तुति दी। कोई भगवान के स्वरूप में आया, तो कोई समाज को संदेश देने के उद्देश्य से ₹मैगी₹ का रूप धारण कर यह बताया कि फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। उत्तम त्याग के दिन यह विशेष संदेश दिया गया कि हमें अपने जीवन से जंक फूड को त्याग देना चाहिए। इस अवसर पर महिला परिषद की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन, संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन, सचिव श्रीमती निधि जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती आस्था जैन एवं शाखा की अनेक बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों और बच्चों की सराहना की।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाडियों ने हासिल किए 5 स्वर्ण 2 रजत पदक



**सिहोरा।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कुर्नूल, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में सब जूनियर कैडेट और सीनियर वर्ग मे जबलपुर जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण एवं 2 रजत 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। पदक विजेता खिलाड़ियों मे प्रीत पटेल रजत पदक,यश सोधिया,स्मिता उइके स्वर्ण पदक,श्रद्धा उइके ब्रॉन्ज, ईशा झा स्वर्ण और ब्रॉन्ज,अभिनव जायसवाल स्वर्ण एंव रजत तथा आयांश पटेल ने स्वर्ण पदक हासिल कर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव दिग्विजय सिंह,कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा,सचिव गौरव सिंधिया आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी कोच सेंसाई रूपवती पटेल,रश्मि पटेल,किरन विश्वकर्मा, खुशबू पटेल ने प्रशिक्षण के बाद मेडल प्राप्त किए।

## पूर्व महापौर पर हमला, साहू समाज ने सौंपा ज्ञापन



**मझौली।** पूर्व महापौर प्रभात साहू के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट की घटना के विरोध में साहू समाज मझौली ने तीव्र आक्रोश जताते हुए थाना प्रभारी मझौली को पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेलमेट चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रभात साहू के साथ न सिर्फ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, बल्कि वायरलेस डिवाइस से उनके सिर पर हमला भी किया गया। इस घटना से आहत साहू समाज ने इसे गंभीर बताते हुए दोषी पुलिसकर्मी पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि जिले की विभिन्न तहसीलों में ₹हेलमेट चेकिंग₹ के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए, तो समाज द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।




**श्री शंकर लाल साहू-** आईटीआई चुंगी नाका के पास माढ़ोताल निवासी श्री शंकर लाल साहू (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गौरी जाट-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री सुनील जाट की धर्मपत्नी श्रीमती गौरी जाट (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अरुणप्रभा सिंह बेदी-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री बल्देव सिंह बेदी की धर्मपत्नी श्रीमती अरुणप्रभा सिंह बेदी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई कोरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री धनीराम कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई कोरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना साहू-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री किशोर साहू की धर्मपत्नी श्रीमती मीना साहू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री आंनद स्वरूप श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव नारायण खरे-** गोरखपुर महर्षि स्कूल के पास निवासी श्री शिव नारायण खरे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल पाली-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री मुन्ना लाल पाली (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु दास कतिया-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री विष्णु दास कतिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई विश्वकर्मा-** केदारनाथ का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री संजय विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई विश्वकर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोनम रैकवार-** डॉ. बराट रोड निवासी श्री शिवम रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती सोनम (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र कोरी-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री शिव प्रसाद कोरी के पुत्र श्री जीतेंद्र कोरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सिया बाई सोनी-** दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट स्टेशन रोड निवासी श्री रामेश्वर सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सिया बाई सोनी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पोशाक सिंह-** राधाकृष्णन वार्ड शारदा मंदिर के पास निवासी श्री पोशाक सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सालिगराम शुक्ला-** कटरा अधारताल निवासी श्री सालिगराम शुक्ला (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार कुरील-** लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री टेकचंद कुरील के पुत्र श्री राजकुमार कुरील (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जयंत मोईत्रा-** यादव कॉलोनी निवासी श्री अशोक मोईत्रा के पुत्र श्री जयंत मोईत्रा (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव रतन चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री शिव रतन चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## दोहरी सप्लाई व्यवस्था के पहले चरण का कार्य नवरात्रि से पहले पूरा करेंः एम.डी



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के 132 के व्ही विनोबा भावे सब स्टेशन के लिए दोहरी सप्लाई व्यवस्था के कार्य की स्थिति का औचक निरीक्षण एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने फील्ड में स्वयं किया। इस दौरान, महत्वपूर्ण शटडाउन के तहत, पूरा औद्योगिक क्षेत्र रिछाई और आधारताल की विद्युत आपूर्ति प्रभावित थी। पिछले 20 दिनों से इस जटिल कार्य की लगातार मॉनीटरिंग कर रहे प्रबंध संचालक ने ट्रांसको एवं आउटसोर्स कर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाया। प्रबंध संचालक ने मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी को निर्देश दिए कि शेष जटिलतम कार्य का पहला चरण किसी भी कीमत पर अगले 48 घंटे में पूरा किया जाए, ताकि शहर में नवरात्रि से पहले विद्युत आपूर्ति की पुरानी व्यवस्था बहाल की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यक हो तो अन्य क्षेत्रों की मेंटेनेंस टीमों को तुरंत बुलाया जाए और यह महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया जाए।

## सीएम डॉ. मोहन ने की चाकघाट में उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा

# निवेश से विंध्य और त्योंथर को मिलेगी विकास की नई गति रोजगारपरक उद्योग लगाने पर सरकार करेगी हर संभव मदद

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्योंथर को विकास की नई गति मिलेगी। उद्योगपति रोजगारपरक उद्योग लगाएं, सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने बनारस से आए उद्यमियों के आग्रह पर घोषणा की कि नवम्बर माह में काशी विश्वनाथ की नगरी में इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन होगा। बनारस के उद्यमियों ने भी विन्ध्य क्षेत्र में एक हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा जिले के चाकघाट में उद्यमियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान कहा कि राज्य शासन की ओर से आपको हर संभव मदद दी जाएगी।

**खास बातें**

- बनारस के उद्यमियों ने विंध्य क्षेत्र में एक हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की
- नवंबर में बनारस में होगी इंडस्ट्रियल समिट



**मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा**

सीएम ने कहा कि औद्योगिक निवेश में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम देश में उच्चतम स्तर पर होंगे। उन्होंने उद्यमियों को पराली से संबंधित व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के साथ अन्य क्षेत्र में भी उद्योग स्थापना के लिए आमंत्रित किया।

**मऊगंज व त्योंथर विधानसभा क्षेत्रों में भूमि की पर्याप्त उपलब्धता**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा जिले में मऊगंज व त्योंथर विधानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि की उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी स्वयं अपने पूंजी निवेश से परिसर बनाकर उद्योग स्थापित करते हैं, तो उन्हें हम पूरी सुविधा व मदद देंगे। मुख्यमंत्री ने त्योंथर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के भूमिपूजन की बधाई दी और अपेक्षा की कि इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। पराली की समस्या से निजात मिलेगी तथा जैविक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने जन्म-दिवस पर मप्र में उपस्थित रहे और उन्होंने पीएम मित्र पार्क के माध्यम से इंडस्ट्रियल क्षेत्र को सौगात दी, जो रोजगार उपलब्धता में मील का पत्थर साबित होगा।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विंध्य विकास संकल्प सम्मेलन में की सहभागिता

# त्योंथर में आईटीआई सहित 400 एकड़ में बनाया जाएगा नया औद्योगिक प्रक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विंध्य के विकास में सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। उन्होंने त्योंथर में 400 एकड़ उपलब्ध भूमि पर नया औद्योगिक प्रक्षेत्र बनाने, त्योंथर के सिविल अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड करने, त्योंथर में आईटीआई का निर्माण और तमस नदी के तट पर रिवर कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। डॉ. यादव ने निवेशक फर्म आईओसीजीपीएस रिन्युएबल प्रायवेट लिमिटेड द्वारा करीब 125 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किए जाने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सीधी सड़क दुर्घटना में मृत सुश्री लीना वर्मा के परिजन को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की भी घोषणा की। डॉ. यादव शुक्रवार को रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा के चाकघाट कृषि उपज मंडी में आयोजित 'विंध्य विकास संकल्प' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### 162 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**125 करोड़ के निजी कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास**



***त्योंथर को भी मिल रही उद्योगों की सौगात***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की गतिविधियां तेजी से जारी हैं। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए त्योंथर को भी उद्योगों की सौगात मिल रही है। आज त्योंथर में 162 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने तीन उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शेरों का बल, बीरबल की बुद्धि और विंध्य की वाणी हम सभी ने तुलसीदास के माध्यम से सुनी है। यहां इन्वेस्टर विनोद अग्रवाल भी आए हैं। ये 125 करोड़ रुपए लागत से कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगा रहे हैं। ये किसानों से पराली भी खरीदेंगे। अब किसानों को उनकी खेत में फसल अपशिष्ट (कचरा) से भी आय बढ़ेगी। खेत भी साफ हो जाएगा और पैसे भी मिल जाएंगे।*

### युवाओं को विंध्य की धरती में ही दिलाएंगे रोजगारः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और युवाओं को विंध्य की धरती पर ही रोजगार दिलाएगी, अब उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर 1500 रुपए दिए। आने वाली दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 रुपए देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि में राज्य सरकार भी राशि मिलाकर किसानों को हर साल 12 हजार रूपए दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'एक बगिया मां के नाम' योजना शुरू की है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बगिया विकसित करने के लिए प्रति हितग्राही 3 लाख रुपए की सहायता राशि देगी।

**बायोगैस प्लांट से किसानों को मिलेगी मजबूतीः मिश्रा**

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योंथर को 162 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों की सौगात दी है। इसमें 28 करोड़ की लागत का चिल्लावाला पुल का निर्माण भी शामिल है। यहां छोटे-बड़े नदी-नालों सबमें 39 से अधिक पुल बने हैं। नए बायोगैस प्लांट से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक युगपुरूष की तरह त्योंथर को औद्योगिक विकास की सौगात दी है।

---

## अवैध वसूली मामले में परिवहन निरीक्षक को किया सस्पेंड

**भोपाल।** मंडला में परिवहन विभाग में तैनात प्रभारी निरीक्षक का पिछले दिनों वाहन चालकों से अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने की घटना को विभागीय अफसरों ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने परिवहन निरीक्षक पीएस भिलाला प्रभारी चेक प्वाइंट मंडला को सस्पेंड कर दिया है। फिलहाल उनको ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है।

# टेमरी नहर किनारे युवती का शव मिलने से सनसनी

नगपुरा चौकी क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के नगपुरा चौकी क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब दामोदा और टेमरी नहर किनारे एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ।

शव देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसएसपी विजय अग्रवाल और फॉरेंसिक टीम पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में युवती की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को संदेह है कि पहले उसका गला दबाया गया और फिर पहचान छिपाने के लिए चेहरे को पत्थर से कुचल दिया गया। पुलिस युवती की शिनाख्त में जुटी हुई है। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हत्या की कड़ी तक पहुंचा जा सके।

**कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सिवनी (म. प्र.)**
कार्यालय दूरभाष नं.- 7692299699, क्रय कार्यालय नम्बर- 9161944647
ई-मेल -purchasesection.gmcseoni@gmail.com, वेबसाइट-www.gmcseoni.org

**ई निविदा आमंत्रण -सूचना**
**GMC SEONI/E-TENDER/2025/01**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी के परिसर में जिम उपकरण एवं संबंधित सुविधाओं की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व विस्तृत शर्ते एवं दस्तावेज टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं।

| क्र. | विवरण | अनुमानित राशि (रुपए में) | EMD (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा जमा करने की अवधि | ऑनलाइन टेंडर की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालय परिसर में जिम उपकरण एवं संबंधित सुविधाओं की स्थापना हेतु | 35 लाख | रू. 1,00,000 | रू. 1000+GST | निविदा जारी होने के अधिकतम 21दिन में | 22.09.2025 |

G-18937/25 "स्वच्छता ही सेवा"
अधिष्ठाता एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना** निविदा जारी करने का दिनांक 15.09.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 15.09.2025 से प्रारंभ है।
कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खण्ड परासिया के विकासखण्ड परासिया, तामिया, जामई, अमरवाड़ा एवं हर्रई के ग्रामों में 200 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे साधारण नलकूपों का जल जीवन मिशन एवं अन्य योजना अंतर्गत फास्टरिंग द्वारा खनन कार्य। (बी.ओ. क्यू. के अनुसार)

| ई-टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा संदर्भ क्रमांक दिनांक | विकासखण्ड का नाम | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (रु. लाख) में | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा खोलने की नियत दिनांक | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _451669_1 | 55/25-26/ 15.09.2025 | तामिया | 40 | 62.92 | 62920 | 10000 | 29.09.2025 5:30 PM | 30.09.2025 5:30 PM | नवीन केन्द्रीय-कृत पद्धति पर लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 90 दिन |
| 2025_PHED _451672_1 | 56/25-26/ 15.09.2025 | अमरवाड़ा | 30 | 47.19 | 47190 | 5000 | 29.09.2025 5:30 PM | 30.09.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451679_1 | 57/25-26/ 15.09.2025 | हर्रई | 50 | 78.65 | 78650 | 10000 | 29.09.2025 5:30 PM | 30.09.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451683_1 | 58/25-26/ 15.09.2025 | जामई | 50 | 78.65 | 78650 | 10000 | 29.09.2025 5:30 PM | 30.09.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451690_1 | 59/25-26/ 15.09.2025 | परासिया | 30 | 47.19 | 47190 | 5000 | 29.09.2025 5:30 PM | 30.09.2025 5:30 PM | | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

G-18969/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
परासिया जिला छिन्दवाड़ा (म. प्र.)

---

## मंत्री दिलीप ने पीड़ित परिवारों से भेंट कर व्यक्त की शोक संवेदना

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। जायसवाल ने परिजन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने घायल हुए व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

## सुकमा के 228 बटालियन में तैनात था जवान

# सीआरपीएफ जवान की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



जिले में तैनात सीआरपीएफ की 228 बटालियन के जवान आलोक कुमार मिश्रा की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल का दौरा पड़ा।

घटना के बाद से बटालियन कैंप में शोक का माहौल है। तबीयत बिगड़ते ही साथी जवानों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए मिश्रा को फन्दीगुड़ा हेडक्वार्टर अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। उत्तर प्रदेश निवासी आलोक कुमार मिश्रा लंबे समय से सुकमा में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उनकी अचानक हुई मौत ने न केवल उनके साथियों बल्कि परिजनों को भी गहरा आघात पहुंचाया है। बटालियन अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि औपचारिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जवान के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C./84**
**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यश उरमालिया पुत्र विकास उरमालिया** निवासी : म.नं. 00, वार्ड नं. 15 खिटोला बाजार, रेलवे मार्ग, जबलपुर, मध्य प्रदेश ने **FIR No. 709/24 u/s 305/318/(2)/61(2)/3(5) Bhartiya Nyaya Sanhita 2023** के अंतर्गत **थाना : कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **यश उरमालिया** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **यश उरमालिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 709/24 u/s 305/318/(2)/61(2)/3(5) Bhartiya Nyaya Sanhita 2023 थाना : कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **यश उरमालिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
DP/11896/SHD/2025 (court matter)
श्री पी. भार्गव, जेएमएफसी–05
कमरा नं. 03, कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली

**कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7 जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**किराये का वाहन (वाहन एवं वाहन चालक) हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई-निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में शासकीय उपयोग हेतु किराये का वाहन ( वाहन एवं वाहन चालक) के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से दिनांक 02.10.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 18,000 /- रुपए (अठारह हजार रुपये प्रति वाहन मात्र ) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनाँक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 25.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनाँक 02.10.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनाँक 03.10.2025 को सायं 05:00 बजे तक |

G-18987/25 "स्वच्छता ही सेवा"
(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना** निविदा जारी करने का दिनांक 15.09.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 15.09.2025 से प्रारंभ है।
कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खण्ड परासिया के विकासखण्ड परासिया, तामिया, जामई, अमरवाड़ा एवं हर्रई के ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे टेलिस्कोपिक नलकूपों का जल जीवन मिशन, बसाहटों एवं अन्य योजना अंतर्गत फास्टरिंग द्वारा खनन कार्य। (बी.ओ. क्यू. के अनुसार)

| ई-टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा संदर्भ क्रमांक दिनांक | विकासखण्ड का नाम | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (रु. लाख) में | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा खोलने की नियत दिनांक | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _4523264_1 | 60/25-26/ 18.09.2025 | परासिया | 50 | 71.58 | 71580 | 10000 | 03.10.2025 5:30 PM | 06.10.2025 5:30 PM | नवीन केन्द्रीय-कृत पद्धति पर लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 90 दिन |
| 2025_PHED _452382_1 | 61/25-26/ 18.09.2025 | तामिया | 30 | 42.95 | 42950 | 5000 | 03.10.2025 5:30 PM | 06.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _452399_1 | 62/25-26/ 18.09.2025 | जामई | 100 | 143.16 | 143160 | 12500 | 03.10.2025 5:30 PM | 06.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _452413_1 | 63/25-26/ 18.09.2025 | अमरवाड़ा | 50 | 71.58 | 71580 | 10000 | 03.10.2025 5:30 PM | 06.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _452435_1 | 64/25-26/ 18.09.2025 | हर्रई | 20 | 28.63 | 28630 | 5000 | 03.10.2025 5:30 PM | 06.10.2025 5:30 PM | | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

G-18919/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
परासिया जिला छिन्दवाड़ा (म. प्र.)

---

## मुख्यमंत्री के निर्देशः नदियों के किनारों पर पौधरोपण को करें प्रोत्साहित

# वनों में स्थित आस्था स्थलों को किया जाए विकसित नगर वनों का उचित विकास और रखरखाव हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के वनांचल में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं, जिन्हें स्थानीय समुदायों ने सांस्कृतिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर पारंपरिक रूप से संरक्षित किया है। आस्था के ये क्षेत्र न केवल आध्यात्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ऐसे स्थलों को देवलोक वनों के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने वन क्षेत्र में प्रदेश की प्रमुख नदियों के दोनों ओर 5 किमी क्षेत्र में पौधरोपण गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

**क्षिप्रा नदी के संरक्षण की योजना बनाई जाएं**



मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारों के अतिक्रमण हटाने में स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाए। साथ ही स्थानीय समुदाय के आय संवर्धन के लिए पौधरोपण में औषधीय पौधों सहित उपयोगी पौधों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर-उज्जैन-देवास क्षेत्र को मेट्रोपोलिटन एरिया के रूप में विकसित किया जा रहा है, क्षिप्रा नदी के संरक्षण की योजना तदनुसार बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर वनों के उचित विकास और रखरखाव के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

***मगरमच्छ व अन्य जलीय जीव जल संरचनाओं के स्वस्थ इकोसिस्टम के लिए जरूरी***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों और जल संरचनाओं के स्वस्थ ईकोसिस्टम को बनाए रखने में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नदियों और जल संरचना में यह जीव अधिक संख्या में हैं, वहां से उन्हें शिफ्ट कर अन्य नदियों और जल संरचना में छोड़ा जाए। इसकी शुरुआत नर्मदा और तवा नदी से की जाए। बैठक में वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, लघु वन उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, तेंदूपत्ता बोनस वितरण आदि विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

**पाकिस्तान और सऊदी अरब में सुरक्षा समझौते में कहा गया कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर कोई हमला होता है तो इसे दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से देखें तो ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। हां, ये जरूरी है कि इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी से वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। ऐसे में भारत को इसे गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत भी है। हालांकि, सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मजबूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। फिर भी यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। पाक-सऊदी सुरक्षा समझौते का विश्लेषण करता *आजकल* का खास अंक...**

# पाक-सऊदी सुरक्षा करार के मायने



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर द्वारा 17 सितंबर को एक स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट पर दस्तखत कर दिए गए हैं। डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से दृष्टिपात करें तो ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत प्रस्तुत कर रहा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत विरोधी आचरण अख्तियार करने के तत्पश्चात और ट्रंप द्वारा भारत के मुकाबले में पाकिस्तान को कहीं अधिक महत्व प्रदान करने के कारणवश, पाकिस्तान वस्तुतः अचानक पश्चिम एशिया में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुल्क बन गया है। खाड़ी मुल्क अपनी सुरक्षा की खातिर अब पाकिस्तान, तुर्कीए और चीन की तरफ झुकते हुए प्रतीत हो रहे हैं। अभी तक अमेरिका की सुरक्षा पनाह में कायम बने रहे खाड़ी मुल्कों के लिए ये तीनों ही देश अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन और तुर्कीए तो पूरी तरह पाकिस्तानी पक्ष के साथ सन्नद खड़े रहे थे। अब लगता है कि पाकिस्तान के कट्टर समर्थकों की कतार में अमेरिका का अंध अनुसरण करते हुए सऊदी अरब भी बाकायदा शामिल हो गया है।

**डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार है। यक्ष प्रश्न है कि यदि दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद जारी रखेगा तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर जाएगा?**

## रणनीतिक साझीदार मुल्क

भारत के लिए चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ डिफेंस एग्रीमेंट किया है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार मुल्क रहा है। यक्ष प्रश्न है कि यदि मुस्तकबिल में दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान यकीनन भारत के विरुद्ध अपनी आतंकवादी कार्रवाइयां जारी रखेगा और जेहादी आतंकवाद का प्रतिकार और प्रतिशोध लेने के लिए पाकिस्तान पर भारत पुनः सुरक्षात्मक आक्रमण भी अंजाम देगा, तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर जाएगा? यह मुमकिन है कि सऊदी अरब अपने फौजी दस्तों को भारत के विरुद्ध आक्रमणकारी युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में कदापि नहीं भेजें, किंतु सऊदी अरब का पेट्रो डॉलर का अकूत खजाना पाकिस्तानी फौज को शक्तिशाली बनाने के लिए बहुत विशाल आर्थिक इमदाद तो कर ही सकता है।

## अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी

सऊदी अरब के पास अमेरिकी टेक्नोलॉजी विद्यमान रही है। डिफेंस एग्रीमेंट के पश्चात सऊदी अरब आधुनिकतम सैन्य टेक्नोलॉजी को पाकिस्तान को उपलब्ध करा सकता है। पाकिस्तान की फौज के लिए अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी की उपलब्धता बड़ी सौगात सिद्ध होगी और यह सैन्य स्थिति भारत के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। खाड़ी मुल्कों में सबसे अहम मुल्क सऊदी अरब है और इसने पाकिस्तान के साथ डिफेंस एग्रीमेंट क्यों अंजाम दिया है, जटिल प्रश्न है इसका समुचित उत्तर है कि अमेरिका पर अब खाड़ी मुल्कों को अधिक यकीन कायम नहीं रह गया है। इस्लामी दुनिया की नजरों में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में अमेरिका वस्तुतः इजरायल का अंध समर्थक देश बनकर उभरा है। दो दिनों में गाजा युद्ध को खत्म करने का दावा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभी तक इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गाजा में युद्ध विराम के लिए राजी नहीं कर सके हैं। सऊदी अरब इस्लामी मुल्कों का सर्वोच्च लीडर देश बन जाने की बड़ी ख्वाहिश पाले रखता है और इस मामले में उसका मुकाबला सदैव तुर्कीए के साथ रहा है।

## अमेरिका दुश्मन करार

हाल ही में हमास सरगनाओं को कत्ल करने की खातिर कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण ने पश्चिमी एशिया स्थिति को बहुत बिगाड़ कर रख दिया है। कतर में अमेरिका का अल उदेद नामक एयरबेस विद्यमान है। इसके बावजूद 9 सितंबर को कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण पर अमेरिका की प्रतिक्रिया बेहद निराशाजनक रही। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात 1945 से ही खाड़ी के देशों में अमेरिका का किरदार एक सैन्य सुरक्षा प्रदान करने वाले मुल्क का बना रहा है, किंतु इजरायल बनाम गाजा की जंग में अमेरिका की भूमिका पर पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में हलचल मची हुई है। अमेरिका को इस्लामी मुल्कों का दुश्मन करार दिया जाने लगा है। पश्चिम एशिया के मुल्कों का जनमत अमेरिका के विरुद्ध खड़ा हो गया है। विगत कुछ वर्षों के दौरान भारत द्वारा सऊदी अरब और अन्य खाड़ी मुल्कों से अपने कूटनीतिक ताल्लुकातों को शक्तिशाली बनाने के लिए गहन और गंभीर प्रयास किए गए। भारत द्वारा सऊदी अरब के साथ कूटनीतिक संबंध को रणनीतिक संबंध के उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी वर्ष माह अप्रैल में सऊदी अरब के दौरे पर गए थे। आखिरकार क्या परिणाम निकला परस्पर संबंधों को ताकतवर बनाने का, जबकि सऊदी अरब ने पाकिस्तान का दामन थाम लिया? क्या अब वो भविष्य में पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के विरुद्ध खड़ा हो जाएगा? इस्लामी मुल्क भविष्य में अपनी हिफाजत के लिए पश्चिमी मुल्कों के नॉटो सैन्य संगठन की तर्ज ओ तरीके पर एक अपना इस्लामी सैन्य संगठन तशकील करने के विषय में संजीदगी से विचार विमर्श करने में जुटे हुए हैं। इस्लामी मुल्कों में पाकिस्तान ही एक अकेला ऐसा मुल्क है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की ताकत है।

## परमाणु अस्त्रों की क्षमता

अपनी परमाणु अस्त्रों की क्षमता के कारण पाकिस्तान अब अमेरिका से हताश निराश हुए खाड़ी मुल्कों का दुलारा और प्यारा मुल्क बन गया है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को सेंट्रल ट्रीटी सैन्य संगठन का सदस्य देश बनाया गया, जिसे बगदाद पैक्ट भी कहा गया। जेहादी सरगना ओमामा बिन लादेन को वर्षों तक पाक फौज की निगरानी पनाह देने वाले पाक हुक्मरानों को अब फिर से डोनाल्ड ट्रंप अपने गले से लगाने लगे हैं। भारत ने उन विकट हालात का वीरता और बलिदान देकर कामयाबी से मुकाबला कर लिया और जेहादियों को परास्त किया जबकि अमेरिका, पाकिस्तान और पेट्रो डॉलर उसके बड़े शत्रु बने हुए थे। अब तो भारत बहुत ताकतवर है और ग्लोबल साऊथ के देश भारत के साथ खड़े हुए हैं। ब्रिक्स की शक्ति भारत के साथ सन्निहित है। हर हाल में भारत फतेहयाब होकर रहेगा।



# पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते से भारत रहे सतर्क



**रणनीति**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

लुटियंस दिल्ली के दिल में भारत के विदेश मंत्रालय के मुख्यालय साउथ ब्लॉक में इन दिनों पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते का भारत पर किस तरह का असर होगा, इस विषय पर विभिन्न कोणों से अध्ययन हो रहा होगा। इस समझौते को 'स्ट्रेटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट' नाम दिया गया है, जिसमें एक प्रमुख धारा यह है कि किसी एक देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। यह समझौता नाटो-शैली का है, जहां हमले की स्थिति में दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते की पृष्ठभूमि में हाल की क्षेत्रीय घटनाएं, जैसे इजरायल का कतर पर हमला और अमेरिका की सुरक्षा गारंटी में आई कमजोरी, प्रमुख भूमिका निभाती हैं। भारत के लिए यह समझौता एक दोधारी तलवार है। एक ओर, भारत और सऊदी अरब के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं। भारत सऊदी से 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार करता है।

भारत मुख्य रूप से तेल आयात करता है सऊदी अरब से। सऊदी अरब ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ उसके संबंध मजबूत रहेंगे और यह समझौता भारत के खिलाफ नहीं है। अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी यात्रा के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने की योजना बनाई थी। खाड़ी देशों में 90 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, जो रेमिटेंस का बड़ा स्रोत हैं। बेशक, यह समझौता भारत की मध्य पूर्व नीति को चुनौती देता है। पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि भारत इस विकास का अध्ययन करेगा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। भारत के लिए अवसर भी हैं। यह समझौता भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर देता है। क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों को मजबूत करना, अंडमान-निकोबार द्वीपों पर रक्षा बुनियादी ढांचा विकसित करना और नौसेना गश्त बढ़ाना आवश्यक है। भारत ओमान, यूएई और बहरीन जैसे मध्यमार्गी खाड़ी देशों से संबंध मजबूत कर सकता है। ऊर्जा विविधीकरण के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर जोर देना चाहिए। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग दशकों पुराना है। 1960 के दशक से ही पाकिस्तान सऊदी अरब को सैन्य प्रशिक्षण, सैनिकों की तैनाती और रक्षा सहायता प्रदान करता आया है। हालांकि, यह नया समझौता पहले के अनौपचारिक संबंधों को औपचारिक रूप देता है, जो क्षेत्रीय तनावों के कारण आवश्यक हो गया था। हाल ही में इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा पर हमला किया, जो सऊदी अरब की सीमा से सटा हुआ है। इस हमले में अमेरिका की चुप्पी ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सुरक्षा गारंटी पर संदेह पैदा कर दिया। अमेरिका के पास मध्य पूर्व में करीब 40,000-50,000 सैनिक तैनात हैं, लेकिन इजरायल के हमलों पर वाशिंगटन की निष्क्रियता ने सऊदी अरब को वैकल्पिक सुरक्षा भागीदारों की तलाश करने पर मजबूर किया। इसी संदर्भ में पाकिस्तान, जो मुस्लिम दुनिया का एकमात्र परमाणु हथियार संपन्न देश है, सऊदी अरब के लिए एक आकर्षक सहयोगी बन गया। समझौते में रक्षा उद्योग सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सैन्य सह-उत्पादन शामिल हैं, जो दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करेंगे। विदेश मामलों के जानकार मानते हैं कि यह समझौता क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदलने वाला है। मध्य पूर्व में इजरायल की आक्रामकता और ईरान के साथ तनाव के बीच सऊदी अरब को एक मजबूत सहयोगी की जरूरत थी। पाकिस्तान के लिए यह आर्थिक और रणनीतिक लाभ का स्रोत है, क्योंकि सऊदी अरब से तेल आपूर्ति और वित्तीय सहायता मिल सकती है। अब जान लेते हैं कि यह समझौता दोनों देशों के लिए क्यों अहम है? सबसे पहले, सऊदी अरब के लिए यह अमेरिकी निर्भरता से मुक्ति का कदम है। पाकिस्तान की परमाणु क्षमता इस समझौते को और मजबूत बनाती है। पाकिस्तान के लिए यह समझौता आर्थिक संकट से उबरने का अवसर है। पाकिस्तान को सऊदी से तेल आपूर्ति, निवेश और सैन्य सहायता मिल सकती है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध तनावपूर्ण हैं। इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी की वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है, तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

**पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है।**

# रक्षा सहयोग के साथ ही एक रणनीतिक संदेश



**कूटनीति**

महेंद्र तिवारी

स्वतंत्र पत्रकार

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में हुआ सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता दक्षिण एशियाई राजनीति और भारत–सऊदी रिश्तों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस समझौते को पश्चिम एशिया और एशियाई राजनीति के कई जानकार केवल रक्षा सहयोग नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश मानते हैं।

अमेरिकी विशेषज्ञ माइकल कुलेगमेन ने कहा कि यह केवल सैन्य सहयोग का मामला नहीं बल्कि पाकिस्तान का यह दिखाना है कि वह चीन, तुर्की और अब सऊदी जैसे बड़े सहयोगियों के साथ खड़ा है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि इसे भारत को पाकिस्तान पर हमला करने से रोकने वाली दीवार मानना जल्दबाजी होगी। पश्चिम एशियाई मामलों के जानकार जहाकतनवीर ने भी याद दिलाया कि सऊदी–पाक रक्षा समझौता कोई नई बात नहीं है। अतीत में ऐसे कई समझौते हुए हैं जो ज्यादातर सऊदी की सुरक्षा तक सीमित रहे, पाकिस्तान के लिए नहीं। पाकिस्तान की सेना को कई बार सऊदी हितों के लिए किराए की सेना कहा गया है। सीधे भारत के खिलाफ सैन्य सहयोग की संभावना फिलहाल बेहद कम है। पाकिस्तान और सऊदी अरब का संबंध ऐतिहासिक रूप से गहरा रहा है।

ईरान–इराक युद्ध के दौरान (1980–88) पाक ने सऊदी को सुरक्षा का भरोसा दिया था। 1965, 1971 और कारगिल 1999 के भारत–पाक युद्धों में सऊदी अरब ने पाकिस्तान को वित्तीय और राजनयिक मदद दी, पर उसने कभी भारतीय मोर्चे पर अपनी सेना नहीं भेजी। 2014–15 में सऊदी ने इस्लामी सैन्य गठबंधन बनाया था, जिसका नेतृत्व पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख राहील शरीफ को सौंपा गया था। इन घटनाओं से यह साफ है कि सऊदी और पाकिस्तान का रिश्ता परस्पर जरूरतों और रणनीतिक लाभ पर आधारित रहा है। इस नए डिफेंसए ग्रीमेंट ने इस रिश्ते को एक नया आयाम दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सऊदी अरब भारत के खिलाफ सीधी सैन्य कार्रवाई करेगा। भारत और सऊदी अरब के बीच के रिश्तों की बात करें तो सऊदी ने कभी भी भारत विरोधी आतंकवाद को समर्थन नहीं दिया।

इसके उलट, दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार, निवेश और प्रवासी भारतीयों के माध्यम से मजबूत आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मजबूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। कुल मिलाकर, यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।

**यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।**

# सार्वभौम उदारता त्यागकर अब कठोरता दिखाए भारत



**विमर्श**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

अंतराष्ट्रीय कूटनीतियां आधुनिक युग में संतुलन की स्थिति में हैं ही नहीं। विदेश स्तर की कूटनीतियों का यह असंतुलन भारत के लिए प्रतिदिन समस्या खड़ी कर रहा है। नवीन समस्या पाकिस्तान तथा सऊदी अरब के मध्य गत 17 सितंबर को हस्ताक्षरित हुए एक रणनीतिक रक्षा अनुबंध के परिप्रेक्ष्य में उभर रही है। दोनों देशों ने हस्ताक्षरित अनुबंध प्रारूपों का आदान-प्रदान करने की समयावधि में एक संयुक्त वक्तव्य दिया है कि उनमें से किसी भी देश पर किसी भी प्रकार के आक्रमण को दोनों ही देशों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

विचारणीय 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा अनुबंध' पर सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अब्दुल अजीज अल सऊद और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दो मुस्लिम देशों के बीच हुआ यह अनुबंध भारत के लिए कई संदर्भों में चिंतनीय है। अभी तक इस अनुबंध पर भारत की ओर से भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का ही वक्तव्य आया है। उनके अनुसार, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कार्य करेगा तथा सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। अमेरिका की पहल पर भारत विरोधी दो मुस्लिम देशों की इस नई गुटसापेक्षता द्वारा भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालांकि सऊदी से भारत के द्विपक्षीय संबंध कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थिति में हैं। चाहे द्विपक्षीय स्थिर संबंध हों, ऊर्जा सुरक्षा हो, निवेश का बड़ा प्रवाह हो अथवा वहां रह रहे भारतीयों द्वारा उस देश के चहुंदिश विकास में उच्च स्तर की पदाधिकारिक महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाए जाने का सत्य हो, किंतु अब परिस्थिति भिन्न हो चुकी हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में ही दोनों देशों का परस्पर व्यापार 42.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का हुआ था, जिसमें से हमने वहां से 31.42 बिलियन डॉलर मूल्य का आयात किया तो यहां से वहां 11.56 बिलियन यूएसडी मूल्य का निर्यात संपन्न हुआ। भारत कच्चे तेल तथा पेट्रो उत्पादों की बड़ी मात्रा के लिए अरब देश पर निर्भर है। विगत में दोनों देशों के विशिष्ट संबंधों का परिलक्षण तब दिखा था जब 2016 में सलमान बिन ने नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज सैश' प्रदान किया था। भारतीय नेतृत्व के प्रति इस सीमा तक सम्मान प्रदर्शित करने के बाद भी आज अकस्मात अमेरिकी दबाव में सऊदी की वैश्विक दक्षिण में भारत के प्रति एक विरोधी छवि उभर कर सामने आई है। हालांकि अभी पाकिस्तान और सऊदी के बीच हुए रक्षा अनुबंध की विस्तृत रूपरेखा सामने नहीं आई है, किंतु इतना तो निश्चित है कि यदि पाकिस्तान के साथ रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौते के बाद संयुक्त वक्तव्य में दोनों देशों की ओर से किसी शत्रु देश का संकेत उभरता है, तो पाकिस्तान के संदर्भ में तो वह भारत ही हुआ, और सऊदी के पाकिस्तान के साथ होने के संकेतन का अर्थ भी यही है कि वह भी अप्रत्यक्ष रूप में भारत का शत्रु ही हुआ। इस परिप्रेक्ष्य में भारत के सामने अमेरिका से लेकर सऊदी अरब तक अपनी कूटनीतिक गतिविधियों को नवाकार देने की चुनौती उभर आयी है।

गत आठ-नौ माह में भारत के संबंध अमेरिका के साथ जिस ढंग से असंतुलित हुए हैं, उस कारण भारत के प्रति सऊदी की द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति में भी परिवर्तन आ चुका है। सामरिक सुरक्षा हेतु अमेरिकी कृपा पाने के लिए सऊदी ने भारत के प्रति अपनी कूटनीतिक स्थितियां उसी प्रकार ढाल ली हैं, जैसे अमेरिका ने उससे अपेक्षा की है, और निश्चित रूप में अमेरिकी शासन मध्य एशिया में खाड़ी के अग्रणी देशों में से एक सऊदी को भारत के अनुकूल बनाये नहीं रखना चाहता। चूंकि ऑपरेशन सिंदूर की समयावधि में पाकिस्तान के बहाने भारत व अमेरिका के संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हुआ था, इसीलिए अमेरिका उसी के माध्यम से सऊदी को भारत के प्रतिरोध में खड़ा करने का प्रयास कर रहा है।

अरब देश भारत विरोधी पाकिस्तान वाले गुट में सम्मिलित होने की अमेरिकी मंशा का विरोध नहीं कर सकता है और तब तक तो कदापि नहीं कर सकता है, जब तक वह अपनी सामरिक आवश्यकताओं के लिए अधि सीमा तक अमेरिका पर ही निर्भर है। भारत के प्रति अमेरिका, चीन, सऊदी अरब तथा अन्य देशों का जो कूटनीतिक भेदभाव परिलक्षित हो रहा है, उससे हमें यही शिक्षा ग्रहण करनी होगी कि अब भविष्य में भारत कम से कम उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो पारस्परिक द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं।



**भारत उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं**

# समझौते से बढ़ सकती हैं भारत की सैन्य मुश्किलें



**सैन्य चुनौती**

डॉ. एन. के. सोमानी

वरिष्ठ पत्रकार

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों बुरी तरह से पिट चुका पाकिस्तान अब अपनी रक्षा और सुरक्षा के लिए सैन्य समझौतों की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। सऊदी अरब के साथ किया गया स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि पाकिस्तान इससे पहले अमेरिका के नेतृत्व वाले समझौतों और गठबंधनों का हिस्सा रहा है लेकिन सऊदी अरब के साथ हुआ समझौता उस बाध्यकारी खंड के कारण अहम हो जाता है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देशों में से किसी के भी खिलाफ किसी भी तरह के हमले को दोनों पर किया गया आक्रमण माना जाएगा।

समझौते की शब्दावली एक तरह से नाटो के खंड 5 की 'कॉपी' है, जिसमें कहा गया है कि एक देश पर हमला सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा और सभी सदस्य उससे अपनी तरह से निबटेंगे। यही वजह है कि पाकिस्तान-सऊदी अरब सुरक्षा समझौते को मीडिल ईस्ट में नाटो का आरंभ कहा जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि जल्दी ही कुछ और देश भी समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। भारत ने समझौते पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। भारत का कहना है कि वह क्षेत्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्यन करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक का शीर्ष नेतृत्व लगातार इस बात की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है कि वह किसी न किसी तरह भारत को दुनिया के बड़े देशों से अलग-थलग कर दे। पाक नेताओं और फिल्ड मार्शल असीम मुनीर के विदेश दौरों का सिलसिला पाकिस्तान की इस कोशिश का ही परिणाम है। हालांकि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद सऊदी अरब ने कहा है कि भारत के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं, हम संबंधों को आगे बढ़ाते रहेंगे। यह समझौता किसी खास देश या घटना विशेष की प्रतिक्रिया नहीं है बल्कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और गहन सहयोग का संस्थागत रूप है। हम क्षेत्रीय शांति में हर संभव योगदान देने का प्रयास करेंगे। भारत और सऊदी के बीच अरसे से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। भारत सऊदी का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सऊदी और उसकी खाद्य सुरक्षा के लिए भारत अहम देश है। संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से भी दोनों देश रक्षा सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश आतंकवाद, उग्रवाद और वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए खुफिया जानकारी साझा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत और सऊदी अरब के संबंध खासे मजबूत हुए हैं। मोदी अब तक तीन बार (2016, 2019 और अप्रैल 2025) सऊदी अरब का दौरा कर चुके हैं। साल 2016 में जब पीएम मोदी पहली दफा सऊदी की यात्रा पर गए, उस वक्त सऊदी अरब ने उन्हे अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। साल 2019 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भारत की यात्रा पर आए तो पीएम मोदी खुद दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए पहुंचे। भारत यात्रा पर आए सऊदी प्रिंस ने उस वक्त कहा था कि पिछले 70 सालों में सऊदी अरब को खड़ा करने में भारत की भी अहम हिस्सेदारी रही है। ऐसे में सवाल यह है कि सऊदी अरब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद का पोषण करने वाले देश के साथ इस तरह के समझौते के लिए क्यों राजी हो गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि सऊदी परमाणु शक्ति संपन्न भारत के साथ संबंधों को संतुलित करने की आवश्यकता महसूस करने लगा है। सच तो यह है कि पिछले दिनों इजरायल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किए मिसाइल हमलों ने खाड़ी देशों के भीतर इस कदर भय उत्पन्न कर दिया है कि उनका वाशिंगटन पर भरोसा डगमगा गया है।

माना जा रहा है कि सऊदी सीधे तौर पर भारत पर हमला नहीं करेगा लेकिन जिस तरह से यूरोप के देश यूक्रेन को सैन्य मदद कर रहे हैं, उसी तरह सऊदी भारत के खिलाफ पाकिस्तान को सैन्य मदद दे सकता है। सऊदी अरब की सेना भले ही छोटी हो लेकिन उसके जखीरे में अमेरिका, चीन और रूस से खरीद किए हुए अत्याधुनिक हथियार हैं। अब पाकिस्तान ने सऊदी के साथ पैक्ट कर भारत-अमेरिका सहित मिडिल ईस्ट को बड़ा संकेत दे दिया है। निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए भारत को अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।



**निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा तथा अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।**

# मैहर में नवरात्र मेले की तैयारी पूरी, 15 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

सतना/मैहर।

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल मैहर में शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मां शारदा देवी के दर्शन के लिए इस वर्ष 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सुरक्षा के लिए 800 पुलिसकर्मियों की मांग की गई है,जिनमें से फिलहाल 450 पुलिस बल उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें तीन डीएसपी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि आवश्यकतानुसार और भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

### सुरक्षा और व्यवस्था का खाका तैयार

मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है और 91 स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।बस स्टैंड पर बसों और ट्रैक्टरों की पार्किंग होगी,जबकि फॉरेस्ट बैरियर पर कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। वीआईपी वाहन और ऑटो के लिए बांदा बैरियर पर स्थान आरक्षित किया गया है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतज़ाम

श्रद्धालुओं की आवाजाही को आसान बनाने के लिए बांदा बैरियर से रोपवे तक 30 से 40 ई-रिक्शा उपलब्ध रहेंगे। ये



विशेषकर उन लोगों के लिए हैं जो चलने में असमर्थ हैं। पार्किंग स्थल से मां शारदा देवी धाम तक की दूरी लगभग 500 मीटर है,जिसे पैदल या ई-रिक्शा से तय किया जा सकता है। मेले की पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए एक व्हिसिल टीम बनाई गई है,जो सीटी बजाकर लोगों को सतर्क करती रहेगी। सुरक्षा के लिए पूरे मेला



परिसर में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,जिन पर कंट्रोल रूम से लगातार नजर रखी जाएगी।

### खोया-पाया केंद्र और रेलवे की तैयारी

मेले में दो खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक केंद्र पहाड़ के नीचे और दूसरा मंदिर परिसर में बनाया गया है।



रेलवे ने भी अपनी तरफ से पूरी तैयारी की है। जबलपुर के डीआरएम कमल तलरेजा ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां तीन अतिरिक्त जनरल टिकट काउंटर और दो मोबाइल टिकट मशीनें लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा,उन्होंने स्टेशन परिसर में 6 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

## अल्ट्राटेक अस्पताल पर लगे लापरवाही के आरोप

**मैहर।** एक ओर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा संचालित अस्पताल खुद को बेहतर स्वास्थ्य सेवा केंद्र बताता है,वहीं दूसरी ओर उसकी लापरवाही की पोल खुल गई है। समाजसेवी मंटू उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि सड़क दुर्घटना में घायल अपने मित्र को लेकर जब वे अस्पताल पहुंचे,तो वहां न तो आपातकालीन सुविधाएं थीं और न ही डॉक्टर समय पर मौजूद थे।उपाध्याय ने कहा कि कंपनी के बड़े -बड़े दावे केवल दिखावा हैं और गंभीर स्थिति में मरीजों को या तो मैहर के निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है या फिर बाहर रेफर कर दिया जाता है। इस घटना ने कंपनी के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार

# कुंडीपुरा पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले तस्करों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

**अवैध हथियारों पर शिकंजा कसने का प्रयास छिंदवाड़ा पुलिस बहुत दिनों से कर ही रही थी कि शनिवार को एक बड़े तस्करी होने की सूचना प्राप्त हुई और रणनीति के तहत ऑन द स्पॉट आरोपियों को मय हथियारों के साथ धरदबोचा गया।**

कुंडीपुरा पुलिस ने अवैध हथियारों को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्वर रंग की वेगनआर कार क्र. MP49C8149 में एक व्यक्ति जिसने कत्थाई रंग की टीशर्ट पहना है जो अपनी उक्त कार में अवैध पिस्टल व कारतूस रखकर बनगांव बायपास रोड होते हुये इमलीखेडा तरफ बेचने के उद्देश्य से जाने वाला है जो पुलिस टीम बनगांव बायपास पहुंची जहां बनगांव बायपास से प्रिंस ढाबा की ओर मुखबिर की सूचना अनुसार एक कार सिल्वर रंग की वेगानार जिसका नम्बर MP49C8149 जाती दिखी, जिसका पीछा करते हुये ब्रिज के नीचे नरसिंहपुर बायपास रोड प्रिंस ढाबा के पास रोका गया, जो कार का चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम कमलेश पिता जयचंद पटले उम्र 43 साल निवासी ग्राम चंदौरी थाना वारासिवनी जिला बालाघाट हाल फस्ट स्टेप स्कूल के पास थाना कुंडीपुरा छिंदवाडा का होना बताया,आरोपी कमलेश व उसकी कार क्रमांक MP49C8149 की तलाशी ली गई जो कार की ड्रायविंग सीट के पीछे रखा एक सफेद रंग का थैला मिला जिसे चैक किया गया जिसके अंदर 02 पिस्टल मैगजीन फसी हुई एवं 25 नग जिंदा कारतूस रखे हुये मिले, जो आरोपी कमलेश से उक्त हथियार और कारतूस कब्जे में रखने के संबंध में वैधानिक दस्तावेज अथवा लायसेंस पूछने पर कोई वैध दस्तावेज / लायसेन्स होना नहीं बताया , जो उक्त 02 नग पिस्टल एवं 25 जिंदा कारतूस साक्षियों के समक्ष विधिवत जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई एवं धारा 25 (1-क), 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।मामले में आरोपी कमलेश पटले के मेमोरेन्डम कथन बताये अनुसार प्रकरण के अन्य दो आरोपी मुजाहिद अली एवं अय्युब खान की तलाश पतासाजी श्रीमान पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा श्री अजय पांडे के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना प्रभारी कुंडीपुरा उप निरीक्षक महेंद्र भगत द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई जो टीम द्वारा तत्परता पूर्वक तकनीकि संसाधनो की सहायत से तलाश पतासाजी कर आरोपी मुजाहिद अली एवं अय्युब खान को अभिरक्षा में लेकर आरोपी मुजाहिद अली से 01 नग पिस्टल व 5 कारतूस तथा आरोपी अय्युब खान से 01 नग पिस्टल व 5 कारतूस जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं माननीय न्यायालय पेश कर तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

कमलेश पिता जयचंद पटले, मुजाहिद अली पिता विजाहत अली, अय्युब खान पिता हामिद खान निवासी पुराना पावर हाउस के पास को गिरफ्तार किया है।

## मौत के बाद डॉग लवर ने कराया अंतिम संस्कार

**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र के पिपट गांव में एक पालतू कुत्ते की मौत के बाद उसके मालिक ने न केवल परिवार के सदस्य की तरह उसका विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया, बल्कि उसकी अस्थियों को भी गंगा में विसर्जित करने के लिए प्रयागराज ले जाने की बात कही। पिपट निवासी सद्दू महाराज ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व इस जब इस कुत्ते का जन्म हुआ था, तभी उसकी मां ने दम तोड़ दिया था। मां का निधन होने के बाद उन्होंने कुत्ते का परिवार के सदस्य की तरह पालन-पोषण किया। सद्दू महाराज ने कुत्ते का नाम तिलकधारी रखा था और इसी नाम से उसे पूरा गांव जानता था। जन्म के कुछ समय बाद उन्होंने कुत्ते का जन्मोत्सव भी मनाया था, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ था। कुत्ते और सद्दू महाराज के परिवार के लोगों में इस कदर प्रेम था कि उनकी बेटी हर रक्षाबंधन पर राखी बांधती थी। पिछले कुछ दिनों से कुत्ते यानि कि तिलकधारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था और शनिवार को उसने अंतिम सांस ली। तिलकधारी के निधन से पूरा परिवार दुखी है। सद्दू महाराज ने विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया और अब उसकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए प्रयागराज ले जाने का निर्णय लिया है।

# ऑपरेशन फास्ट के तहत एक हजार से ज्यादा सिम कार्ड बरामद

### फर्जी सिम विक्रय करने वाले रैकेट का एक और आरोपी पकड़ा

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन फास्ट के तहत साइबर अपराधियों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1220 सिम कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर और एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपी ग्राहकों के आधार कार्ड और अंगूठे के निशान का दुरुपयोग कर फर्जी सिम सक्रिय करता था, जो अन्य राज्यों में साइबर ठगी के लिए भेजे जाते थे। पुलिस ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार लवकुशनगर पुलिस ने राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन फास्ट के तहत आरोपी लवकेश चौरसिया पुत्र श्रीकिशन चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला, लवकुशनगर को गिरफ्तार किया है। लवकेश चौरसिया ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह कस्बा लवकुशनगर से अन्य लोगों से फर्जी सिम खरीदकर एकत्रित करता था और साइबर अपराधियों से साठगांठ कर पैसा कमाता था। उसके कब्जे से 1220 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन, 6 मोबाइल चार्जर और एक एटीएम कार्ड बरामद हुए। यह आरोपी पहले भी संगीता कुशवाहा, मुकेश पटेल, अभिषेक पाठक और जीतेन्द्र कुमार त्रिपाठी के साथ फर्जी सिम रैकेट में लिप्त था। भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर गठित 15 सदस्यीय टीम ने सिम विक्रेताओं के रिकॉर्ड की लगातार जांच कर रही है। पुलिस ने अपील की है कि सिम केवल अधिकृत विक्रेताओं से लें, दस्तावेज सतर्कता से इस्तेमाल करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें। एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में हुई उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अजय अंबे, साइबर सेल प्रभारी नेहा सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, मीना खरे, प्रधान आरक्षक अनीस अहमद, सुरेंद्र, बुद्ध सिंह, आरक्षक रमाकांत, बलराम, नरेंद्र, बनमाली, चांद खान, कुलदीप, बृजेश, उदय, राहुल, उमेश, विकास, देव सिंह, मानवेंद्र और हिरदेश की सराहनीय भूमिका रही।

# अपहृता को कोतवाली पुलिस ने जबलपुर से किया दस्तयाब

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर भेजा जेल

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार दस्तयाब किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11/09/2025 को फरियादिया अपहृता की मां द्वारा नाबालिक लड़की उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अधीन अपराध पंजीबध्द किया जाकर अपहृता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर दिनांक 18/09/2025 को जबलपुर से अपहृता को दस्तयाब किया गया जिसने पूछताछ पर आरोपी संतकुमार उर्फ संदीप धुर्वे निवासी बम्हनी खेड़ा थाना केवलारी द्वारा बहला फुसलाकर नागपुर, मैहर एवं जबलपुर ले जाना एवं जबरदस्ती गलत काम करना बताने पर प्रकरण में सुसंगत धाराओं का ईजाफा किया गया एवं आरोपी की तलाश की जाकर गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया हैं। गिरफ़्तार आरोपी- संतकुमार उर्फ संदीप धुर्वे पिता संतोष धुर्वे उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी खेड़ा थाना केवलारी जिला सिवनी। नाम अपहृता:- नाबालिक बालिका उम्र करीबन 15 वर्ष।

### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री किशोर वामनकर, देवेन्द्र उइके, प्र.आर. चन्द्रप्रकाश अडमें, मनोज पाल, मनोज मरावी, आर सुधीर, दिनेश हरदा, सौरभ, म.आर. कीर्ति, दीपाली की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## प्रशिक्षु आरक्षक ने गार्ड ड्यूटी विवाद में गोली चलाई

**उमरिया।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस) में गुरुवार रात 9:20 बजे हुई खौफनाक फायरिंग ने पुलिस महकमे को हिला दिया। प्रशिक्षु आरक्षक कमल सिंह मरावी ने गार्ड ड्यूटी को लेकर प्रधान आरक्षक छोटेलाल कोल से हुए विवाद के दौरान राइफल से गोली चला दी, जो किस्मत से बच गई। घटना में छोटेलाल ने साहस दिखाते हुए आरोपी से राइफल छीन ली, वरना यह संस्थान में बड़ा हादसा बन सकता था।

सूत्रों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ा कि कमल सिंह ने गाली-गलौज करते हुए आतंक फैलाया। घटना के तुरंत बाद थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 431/25 धारा 109(1), 296 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि भी की गई। पुलिस ने पूरे मामले को संवेदनशील मामला मानते हुए गहन जांच शुरू कर दी है। पीटीएस में तैनात कर्मियों से पूछताछ की जा रही है और घटना का पूरा सच जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशिक्षण शाला में सुरक्षा मानकों की समीक्षा शुरू कर दी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल पुलिस संस्थानों की छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि सुरक्षा और अनुशासन पर भी सवाल खड़े करती हैं। घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ड्यूटी पर तैनात प्रशिक्षुओं के व्यवहार और सैन्य अनुशासन की कमी कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया और उच्च अधिकारियों ने तुरंत नियंत्रण के आदेश जारी किए। अब यह मामला कड़ाई से जांच के




लिए उच्च स्तर पर भेजा गया है।

पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि फिलहाल मामले में अफवाहों पर ध्यान न दें और जांच पूरी होने तक शांति बनाए रखें। वहीं, प्रशिक्षु आरक्षक की मानसिक स्थिति और प्रशिक्षु सुरक्षा पर सवाल उठना भी स्वाभाविक है। उमरिया पुलिस प्रशिक्षण शाला की इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा और अनुशासन में चूक किसी भी समय गंभीर हादसे का रूप ले सकती है और इसे हल्के में लेना महज जोखिम भरा होगा।

## तालाब में मिला सचिव पुत्र का शव अपहरण की गुत्थी डूबने पर आकर थमी

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के तेंदुआढ़ गांव में शुक्रवार रात सनसनी फैल गई, जब गांव के तालाब से सचिव पुत्र का शव बरामद हुआ। मृत किशोर गुरुवार सुबह अचानक लापता हो गया था।



परेशान परिजनों ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन 24 घंटे बाद घर के समीप स्थित तालाब में उसका शव उतराता मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान ईशू पटेल उम्र 16 वर्ष पिता रामकिशोर पटेल , निवासी तेंदुआढ़ के रूप में हुई है। पिता पंचायत सचिव हैं। गुरुवार को ईशू अचानक घर से निकल गया और लौटकर नहीं आया। परिवार ने उसे काफी खोजा लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर परिजन पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। इसी बीच शुक्रवार रात एक ग्रामीण शौच के लिए तालाब की ओर गया, जहां उसने पानी में उतराता शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई, जो लापता ईशू का ही निकला। परिजनों का कहना है कि किशोर की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी। गुरुवार को पिता उसे इलाज के लिए रीवा ले जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही वह घर से लापता हो गया था। पुलिस का अनुमान है कि ईशू तालाब किनारे पहुंचा और पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अंतिम निष्कर्ष पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## एफआईआर के बावजूद संचालित हो रही क्लिनिक

**बकस्वाहा।** क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही ने एक बार फिर एक निर्दोष की जान ले ली। बुखार के इलाज के नाम पर दी गई गलत दवा ने 55 वर्षीय व्यक्ति को रास्ते में ही मौत के मुंह में धकेल दिया। गौर करने वाली बात यह है कि जिस झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज का इलाज किया, उसके ऊपर तीन माह पहले ही फर्जी डिग्री के आरोप में दर्ज एफआईआर हुई थी। इसके बावजूद आरोपी का क्लिनिक खुले आम चल रहा था। फिलहाल इस घटना से प्रशासनिक निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।प्राप्त जानकारी के मुतबिक शनिवार को चाचई सेमरा निवासी जगत सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष को बुखार आया, जिसके बाद वह बकस्वाहा में खुद को एमबीबीएस शिशु रोग विशेषज्ञ बताने वाले निजाम खान के क्लिनिक पर पहुंचा। इलाज के बाद दवा लेकर जब वह घर लौट रहा था तभी अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में मौत हो गई।

## बीएमओ ने लिखित शिकायत मिलने पर जांच का दिया आश्वासन

# सिविल अस्पताल लांजी में सीजर ऑपरेशन के नाम पर फिर पैसे के लेन देन का आरोप

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले में स्वास्थ्य विभाग में स्थांनातरण को लेकर लेन देन का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और उक्त मामले से जहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है उसी बीच सिविल अस्पताल में अच्छा उपचार और चिकित्सकों के नवाचार का जहां नगर सहित क्षेत्र के लोगों को लगातार फायदा मिल रहा है तो दूसरी ओर सिविल अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के सीजर आपरेशन में रूपयों के लेन देन के आरोप ने फिर एक बार अस्पताल और चिकित्सकों की धूमिल करने का प्रयास किया है। ताजा मामला बीते माह की आखिर सप्ताह में हुए सीजर ऑपरेशन कैंप का है जहां एक आशा कार्यकर्ता द्वारा वार्ड नं. 2 आवास कॉलोनी निवासी प्रसूता महिला से ऑपरेशन के पूर्व चिकित्सक के नाम पर 4000 रूपये लेने का आरोप लगा है। वहीं जब इस संबंध में शिकायत की जानकारी रूपये लेने वाली आशा कार्यकर्ता को लगी तो कार्यवाही के भय से उसके द्वारा पीड़िता की सास को 18 सितंबर की रात 11.30 बजे घर जाकर पैसे लौटाने की जानकारी सामने आई है। जब इस संबंध में सिविल अस्पताल के बीएमओ अक्षय उपराड़े से चर्चा की गई तो उन्होने कहा की इस संबंध में शिकायतकर्ता लिखित शिकायत दें तो हमारे द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसे में जब सिविल अस्पताल की सेवाओं के प्रति नगर सहित क्षेत्र के लोगों का रूझान बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में लोग विश्वास के साथ यहां इलाज के लिये



पहुंच रहे हैं, ऐसी घटना से लोगों को धक्का पहुंचा है।

उल्लेखनीय है की कुछ समय पूर्व सिविल अस्पताल लांजी में प्रसूता महिलाओं के परिजनों से सीजर ऑपरेशन के नाम पर धड़ल्ले से बेखौफ होकर वसूली की जाती थी जिसमें यहां पूर्व में पदस्थ चिकित्सकों का केस लाने वाली आशा कार्यकर्ताओं का पूर्ण संरक्षण था परंतु शासन प्रशासन द्वारा सिविल अस्तपाल में जब से नये चिकित्सकों की पदस्थापना की गई तो अस्पताल की व्यवस्थाओं और रूपयों की लेन देन के कारनामों में शून्यता आ चुकी थी परंतु समय बीतने के साथ-साथ सिविल अस्पताल में खासकर सीजर ऑपरेशन के समय यह खेल पुनः शुरू हो गया है जिससे अस्पताल और चिकित्सकों दोनो ही छवि खराब हो रही है।

**टांका खोलने के नाम पर लिए 200 रुपए:** प्रसूता के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि आपरेशन के कुछ दिन बाद जब वो अपनी पत्नी को लेकर टांका खुलवाने सिविल अस्पलात लेकर आया तब भी आशा कार्यकर्ता द्वारा टांका खोलने के लिए 200 रुपए मांगे गए थे, जिसके बाद प्रसूता के पति द्वारा अपना मोबाइल गिरवी रखकर 200 रुपए दिए गए उसके बाद महिला के टांके खोले गए।

दूसरी ओर ऑपरेशन के बाद जब चिकित्सक द्वारा दवाईयां लिखी जाती है तो आशा कार्यकर्ताओं द्वारा जानबूझकर अस्पताल से दवाएं न लेकर एक ही मेडिकल से दवाएं लेने का दबाव बनाया जाता है। और वहां से भी मोटा कमीशन प्राप्त किया जा रहा है इससे पूर्व भी उक्त मेडिकल से ही आशाओं द्वारा दवाएं लेने के आरोप लगते रहे है परंतु कार्यवाही नहीं होने के चलते यह सिलसिला फिर जोर पकडऩे लगा है। दुकानदार द्वारा भी प्रत्येक आशा कार्यकर्ताओं को उनकी खरीदारी के हिसाब से मोटा कमीशन दिया जाता है जिससे सभी आशा कार्यकर्ताएं अन्य दुकानों को छोड़कर इसी मेडिकल पर दवाएं लेने के लिये 'मेहरबानÓ है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों को ध्यान देने की नितांत आवश्यकता है।

### इनका कहना है.

इस संबंध में जो भी शिकायतकर्ता है वह मुझे लिखित में शिकायत दें तो हमारे द्वारा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**अक्षय उपराड़े, बीएमओ लांजी**

## गर्भवती महिला की जिला अस्पताल में मौत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

मलाजखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र में सीजेरियन प्रसव की सुविधा नहीं होने से एक गर्भवती महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान सुमित्रा पंचतिलक के रूप में हुई है।

सुमित्रा को रात में प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे मोहगांव मलाजखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में शनिवार सुबह करीब 3 बजे सुमित्रा और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई।

सुमित्रा का विवाह विजेंद्र पंचतिलक से 27 अप्रैल 2018 को हुआ था। उनकी दो बेटियां हैं। यह उनका तीसरा बच्चा था। विजेंद्र छह बहनों में अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। सुमित्रा बैहर के पोगार की रहने वाली थी।

अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मामले की जांच मलाजखंड पुलिस करेगी। यह घटना जिले में सुरक्षित प्रसव के दावों पर सवाल खड़े करती है।

## महिला की अंधी हत्या के संदेहियों तक पहुंची पुलिस

**रीवा।** सोहागी थाना क्षेत्र के चौरा गांव में महिला की मुंह दबाकर हत्या करने वाले संदेहियों तक सोहागी पुलिस पहुंच गई है। संभावना है कि पुलिस आज इस अंधी हत्या का खुलासा कर आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक वारदात प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। गौरतलब है कि सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अपने बच्चे के साथ घर में रह रही महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था। गुरुवार की सुबह सोहागी पुलिस को घटना की जानकारी मिली थी, जिसके बार पुलिस ने महिला के शव को अस्पताल पीएम के लिए भिजवाया गया। प्रथम दृष्टया मुंह दबाकर हत्या किए जाने की बात कही गई थी। बताया गया कि पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर संदेहियों को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे उम्मीद है कि आज पुलिस पूरी घटना का खुलासा कर सकती है। गुरुवार की सुबह जब महिला सुबह घर से काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो पड़ोसियों ने घर के अंदर जाकर देखा तो उसका शव कमरे में पड़ा हुआ था।



## केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सरकारी विभागों को दिए निर्देश

# दीपावली और दूसरे त्योहारों पर उपहार देना बंद करें

### आर्थिक सलाहकार डॉ. पाल की सलाह बनी चर्चा का विषय
### केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान

जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा- प्रथा पर रोक लगाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल की सलाह कर्मचारियों के बीच चर्चा का केंद्र बनी है। इस सलाह पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान और परेशान हैं। आर्थिक सलाहकार की तरफ से 17 सितंबर को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा गया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली और दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। गिफ्ट से सरकारी खर्च बढ़ता है। अर्थव्यवस्था में जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो, इसके लिए यह कदम उठाना जरूरी है।



#### उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखा पत्र

आर्थिक सलाहकार ने लोक उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखे पत्र में कहा है, यह देखने में आया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दिवाली सहित दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रेक्टिस है। अर्थव्यवस्था में पब्लिक रिसोर्स का न्यायपूर्ण इस्तेमाल हो, इसके लिए ऐसी प्रेक्टिस पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसके चलते अब सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रेक्टिस को बंद कर दें। किसी भी त्योहार पर गिफ्ट का आदान प्रदान रोक दें। आर्थिक सलाहकार ने कहा है कि इन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

#### गिफ्ट मिले तो हर्ज नहीं होना चाहिए: डॉ. मंजीत

'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल का कहना है कि वित्त मंत्रालय का ये निर्देश ठीक नहीं है। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले कर्मचारियों को अगर दिवाली या दूसरे त्योहार पर गिफ्ट मिल जाता है तो इसमें क्या हर्ज है। यह एक बहुत छोटा सा टोकन होता है, लेकिन इसकी वैल्यू बड़ी होती है। कर्मचारी यह सोचता है कि उसके काम का सम्मान हो रहा है। उस छोटे से गिफ्ट से वह कर्मचारी दोगुने उत्साह से काम करता है।

#### यही कर रहा प्रदर्शन का मूल्यांकन

डीपीई , वित्त मंत्रालय के अधीन एक नोडल विभाग है, जो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से संबंधित नीतियों और दिशानिर्देशों को तैयार करता है, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। उनके कार्य-निष्पादन, स्वायत्तता व कार्मिक प्रबंधन पर नीतिगत दिशानिर्देश निर्धारित करता है। तीसरी लोकसभा की प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट में सार्वजनिक उद्यमों के प्रदर्शन का निरंतर मूल्यांकन करने के लिए एक केंद्रीकृत समन्वय इकाई की स्थापना की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया था। भारत सरकार ने 1965 में सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो (बीपीई) की स्थापना की और इसे वित्त मंत्रालय के अधीन कर दिया।

#### 1990 में बनाया नीति निदेशक

सितंबर 1985 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों के पुनर्गठन के बाद, बीपीई उद्योग मंत्रालय का एक हिस्सा बन गया। मई 1990 में इसमें और सुधार हुए, जिससे बीपीई को एक पूर्ण विभाग का दर्जा मिला जिसे लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के नाम से जाना गया। डीपीई का मिशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता और सामाजिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए नीतियां तैयार करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और जिम्मेदार शासन को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में उत्कृष्टता, स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देने में एक प्रेरक शक्ति बनना, जो राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

---

## खबर संक्षेप

### कैदियों में खूनी झड़प उत्पात किया, फाड़ी वर्दी

**श्री मुक्तसर साहिब।** जिला जेल में कैदियों के दो गुटों में खूनी झड़प हो गई जो तीन दिनों से चल रही थी। बचाव करने आए सहायक अधीक्षक सुखमंदर सिंह और हवलदार मंगल सिंह को कैदियों ने लोहे की राड से पीटा जिससे मंगल सिंह की टांगें टूट गईं और सिर फट गया। इस झड़प में आठ कैदी भी घायल हो गए हैं।




### सीएम योगी को धमकी देने वाला धरा गया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की मथुरा पुलिस ने एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उत्तर प्रदेश के मसीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। वीडियो में पिस्तौल लेकर मुख्यमंत्री को धमकी देते दिख रहा था।




### मुंबई में मोनोरेल सेवा अस्थायी रूप से बंद

**मुंबई।** यहां मोनोरेल सेवा को शनिवार से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तकनीकी समस्याओं, यात्री सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सुधार की जरूरतों को देखते हुए यह निर्णय लिया है। इस फैसले से यात्रियों में भारी असंतोष देखा जा रहा है, क्योंकि इससेन परेशानी बढ़ी है।



### दिल्ली के स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई स्कूलों को फिर से बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस ने स्कूलों को खाली कराया है। शनिवार की सुबह दिल्ली के कई स्कूलों को बम की धमकी भरे ईमेल मिले। इसमें कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय सीनियर सेकंडरी स्कूल और द्वारका का डीपीएस स्कूल शामिल हैं।



---

## लोकसभा में विपक्ष के नेता ने फिर लगाए वोट चोरी के आरोप

# हमारे पास पक्के सबूत, वोट चोरी करके केंद्र में सत्ता में आई भाजपा

### वायनाड में बोले राहुल हम हाइड्रोजन बम ला रहे

एजेंसी ▶▶ वायनाड

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक 'हाइड्रोजन बम' सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की।उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ फीसदी जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है। उन्होंने अपने पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा कि हमने महादेवपुरा और आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। हम इसे इस तरह दिखाएंगे कि भारत में कोई भी यह शक नहीं करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है।

#### हमारे पास ठोस जानकारी मौजूद, बिना सबूत मैं कुछ नहीं कह रहा



#### ज्ञानेश के खिलाफ चल रही सीआईडी जांच

राहुल ने मुख्य चुनाव आयोग (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों की रक्षा' करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र से 6,000 मतदाताओं के नाम हटाने की जांच चुनाव आयोग के प्रमुख के खिलाफ एक स्पष्ट आरोप है। हमने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में काले और सफेद में सबूत पेश किए। कर्नाटक में सीआईडी जांच चल रही है। यह मेरा बयान नहीं, बल्कि तथ्य है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका 'हाइड्रोजन बम' प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है।

### सत्ता मिलने पर अहंकारी बन रहे राष्ट्रीय नेता

राहुल ने न्नथारा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व केरल मुख्यमंत्री ओमन चांडी हमेशा विनम्र रहे जबकि कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप देखेंगे कि कुछ नेता, जब उन्हें थोड़ी सत्ता मिलती है, तो वे अहंकारी हो जाते हैं। भारत में कई बड़े नेता हैं जिनमें विनम्रता नहीं है।


**वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की**

राहुल ने कह कि जब मुझ पर हमला हुआ, वह बहुत ही क्रूर हमला था, तब वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की। यही एक परिवार का सदस्य करता है। आपने मेरे साथ वैसा ही व्यवहार किया, जैसा मेरी बहन या मेरी मां करतीं। आपके व्यवहार ने मेरे साथ एक गहरा रिश्ता बना दिया। अब मेरे पास और कोई विकल्प नहीं बचा। मैं आपको परिवार का ही हिस्सा मानता हूं, क्योंकि आप यह भी कह सकते थे कि हम आदमी की रक्षा नहीं करेंगे, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। आपने कहा- इस आदमी के साथ अन्याय हो रहा है और हम इसकी रक्षा करेंगे।


#### भाजपा का पलटवार

### कर्नाटक में कांग्रेस विधायक का चुनाव रद्द

बेंगलुरु। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए करारा जवाब दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, राहुल गांधी पावरप्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी की बात कर रहे हैं। जबकि वहां हाईकोर्ट ने खुद कांग्रेस विधायक नांजेगौड़ा का चुनाव रद्द किया था। असली वोट चोरी तो यही है। शनिवार को बेंगलुरु में भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी पावरपॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी की बात कर रहे हैं।



### मोदी-मोदी के नारे लगवाना विदेश नीति नहीं: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले लगना और मोदी-मोदी के नारे लगवाना' विदेश नीति नहीं है। विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखना चाहिए तथा किसी से मित्रता को विवेक एवं संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेंद्र मोदी जी, आपके जन्मदिन पर फोन कॉल के बाद आपको जो जवाबी तोहफा मिला है, उससे भारतीय नागरिकों को दुख हुआ है। यह ट्रंप सरकार की ओर से जन्मदिन का जवाबी तोहफा है।

### महायुति के 90 फीसदी विधायक वोट चोरी से बने

**राउत का बड़ा दावा**



मुंबई।शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने वोट चोरी के मुद्दे पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसे-ऐसे लोग चुनकर आए हैं जिनका कुछ अता-पता नहीं। लोग उन्हें ढूंढ रहे हैं कि कौन विधायक है। मीडिया से बातचीत में राउत ने शनिवार को कहा कि ये लोग वोट चोरी से महाराष्ट्र में विधायक बन गए। एकनाथ शिंदे, अजित पवार या फिर भाजपा के 90 फीसदी विधायक तो वोट चोरी बने हुए हैं। वे घपला करके बने हैं। इसलिए जनता को उनके नाम भी नहीं मालूम हैं।

---

#### पीएम ने धोलेरा निवेश क्षेत्र का किया सर्वे

## राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति देखी



एजेंसी ▶▶ धोलेरा

पीएम मोदी ने ग्रीनफील्ड औद्योगिक केंद्र धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र का हवाई सर्वे किया। पीएम मोदी ने लोथल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी वीडियो में पीएम मोदी को एनएमएचसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिखाया गया। इसका विकास 4,500 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एनएमएचसी का विकास देश की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए किया जा रहा है।

#### यह रैखिक क्षेत्र का अहम हिस्सा

पीएमओ ने मोदी के हवाई सर्वे का वीडियो फुटेज जारी किया। धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र अहमदाबाद से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में और राजधानी गांधीनगर से 134 किलोमीटर दूर है। डीएसआईआर राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम द्वारा पश्चिमी समर्पित मालवाहक गलियारे के प्रभाव क्षेत्र में औद्योगिक क्लस्टरों और नोड्स का एक रैखिक क्षेत्र बनाने के महत्वाकांक्षी कदम का हिस्सा है।

#### महाराष्ट्र के सीएम का 'अजीब' बयान

## हिंदी फिल्मों ने मुंबई पुलिस के साथ 'न्याय' नहीं किया

**मुंबई।** इंडियन पुलिस फाउंडेशन के वार्षिक दिवस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आयोजकों को मुंबई को आयोजन स्थल के तौर पर चुनने के लिए बधाई दी। यह भी कहा हिंदी फिल्मों ने अक्सर मुंबई पुलिस को गलत तरीके से दिखाया है। उससे न्याय नहीं किया है।



**सिनेमा ने कभी भी सच्चाई को सही तौर पर नहीं दिखाया**

सीएम ने कहा कि कई वर्षों से फिल्मों ने मुंबई पुलिस के साथ अन्याय किया है। हमारी पुलिस हमेशा समय पर घटनास्थल पर पहुंचती है लेकिन हिंदी फिल्मों में पुलिस को हमेशा घटना के घंटों बाद पहुंचते दिखाया जाता है। मेरा मानना है कि सिनेमा ने कभी भी सच्चाई को सही ढंग से नहीं दिखाया है। मुझे गर्व है कि हमारी पुलिस ने हमेशा अपने स्टैंडर्ड को बनाए रखा है। सबसे भरोसेमंद पुलिस बल के तौर पर हमारी पुलिस जानी जाती है।

---

#### जुबीन की सिंगापुर में मौत

## सीएम सरमा ने दिए जांच के आदेश, राजकीय शोक घोषित

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग की सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपनी पत्नी के साथ जुबीन के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात की। सरमा ने बताया कि वह सिंगापुर से लगातार संपर्क में हैं। जुबीन गर्ग का पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में पूरा हो गया है। उनके पार्थिव शरीर को अब भारतीय दूतावास के अधिकारियों को दे दिया गया है।



#### शव को भारत लाया जा रहा

असम में दो लोगों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। सीएम ने बताया कि शेखर जोथी गोस्वामी, संदीपन गर्ग और सिद्धार्थ शर्मा (प्रबंधक) जुबीन गर्ग के शव को भारत ला रहे हैं। सीएम ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी रिनिकी भुयान सरमा के साथ शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की।

#### कर्नाटक के किसानों के लिए खुशखबर

## मूंग, काला मूंग समेत 5 प्रमुख फसलों को खरीदेगी केंद्र सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार कर्नाटक से मूंग, काला मूंग, सूरजमुखी, मूंगफली और सोयाबीन की खरीद करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इससे राज्य के किसानों को काफी लाभ होगा। जोशी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया है कि वे राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना के तहत 2025-26 खरीफ सीजन के दौरान कर्नाटक में उगाई गई इन फसलों की खरीद को मंजूरी दें।



#### कृषि मंत्री चौहान ने दी मंजूरी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जोशी को पत्र लिखकर जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने खरीफ 2025-26 सीजन में इन फसलों की खरीद के लिए प्रस्ताव भेजा था। 38,000 मीट्रिक टन हरे चना, 60,180 मीट्रिक टन उड़द, 15,650 मीट्रिक टन सूरजमुखी, 61,148 मीट्रिक टन मूंगफली और 1,15,000 मीट्रिक टन सोयाबीन की खरीद को स्वीकृति दी है।

## राष्ट्रपति पहुंचीं गयाजी



#### पुरखों की आत्मशांति के लिए किया पिंडदान

गयाजी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को देश और दुनिया में मोक्ष स्थली के रूप में चर्चित बिहार के गयाजी पहुंचीं। उन्होंने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति की कामना के साथ पिंडदान किया। सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंची। गयापाल पुरोहित राजेश लाल कटरियाल ने वैदिक क्रियाओं के साथ कर्मकांड कराया। उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ पिंडदान किया।

---

#### गरबा में 'केवल हिंदू' वाले विहिप के परामर्श पर रार

## भाजपा ने बताया इसे आयोजकों का अधिकार, पर कांग्रेस बिफरी

राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराजकी सलाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद के गरबा कार्यक्रम में केवल हिंदू वाले परामर्श को लेकर रार छिड़ गई है। विहिप ने नवरात्र गरबा के आयोजकों को सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि गरबा कार्यक्रमों में केवल हिंदुओं को ही प्रवेश दिया जाए। प्रवेश करने वालों के आधार कार्ड की जांच करें। विहिप की इस सलाह का भाजपा ने समर्थन किया है, जबकि कांग्रेस ने बिफरी है।

■ महाराष्ट्र में किया जा रहा आयोजन

#### यह देवी को प्रसन्न करने की पूजा: नायर



विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने कहा कि गरबा महज एक नृत्य नहीं है। बल्कि देवी को प्रसन्न करने की पूजा का एक रूप है। मुसलमानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वे लोग मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखते। केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं।

### आधार की जांच की जाएगी

विहिप ने गरबा आयोजकों को परामर्श जारी कर प्रवेश द्वार पर आधार कार्ड की जांच करने, प्रतिभागियों को तिलक लगाने और प्रवेश से पहले पूजा करने को कहा है। नायर ने कहा कि विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता आयोजनों पर नजर रखेंगे। गरबा पूजा का एक रूप है, मनोरंजन नहीं। जिन लोगों की देवी में आस्था नहीं है, वे इसका हिस्सा न बनें।

#### एयरबस भारत के इनोवेशन सिस्टम को बनाएगी मजबूत

## गति शक्ति विवि में आरएंडडी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा स्थापित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरोस्पेस कंपनी एयरबस ने घोषणा की है कंपनी भारत के इनोवेशन सिस्टम को मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत गुजरात में गति शक्ति विश्वविद्यालय में एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेट अप करेगी। एयरबस के प्रबंध निदेशक जुर्गन वेस्टरमेयर ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद इस योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी हर साल 100 से अधिक भारतीय सप्लायर से 1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कंपोनेंट खरीदती है।

#### एयरबस के प्रबंध निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव से मिले

**गुजरात में विकास की प्रतिबद्धता दोहराई**

वैष्णव ने जताई खुशी- भारतीय सप्लायर होंगे मालामाल



वैष्णव ने कहा कि एयरबस इंडिया के एमडी जुर्गन वेस्टरमेयर से यह जानकर खुशी हुई कि एयरबस 1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कंपोनेंट खरीदती है और इसके 100 से अधिक भारतीय सप्लायर हैं। मजबूत डिजाइन क्षमता के साथ, यह जल्द ही गति शक्ति विश्वविद्यालय में एक आरएंडडी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगी।

#### बेंगलुरु में एक डिजिटल सेंटर बनाया

कंपनी ने बेंगलुरु में एक डिजिटल सेंटर स्थापित किया है, जिसे वह डिजिटल परिवर्तन की रीढ़ की हड्डी कहती है। फ्रांस के टूलूज में मुख्यालय के बाद एयरबस का बेंगलुरु हब उसकी दूसरी सबसे बड़ी डिजिटल सुविधा है। कंपनी ने 2018 में दुनिया भर के सभी डिवीजनों को सपोर्ट करने के लिए एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जीसीसी स्थापित कर भारत में अपनी डिजिटल क्षमताओं का विस्तार किया।

#### कंपनी ने 3,600 से अधिक कर्मचारियों को किया नियुक्त

एयरक्राफ्ट मेकर कंपनी ने अपने विभिन्न साइटों पर 3600 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया है, जिसमें व्यवसाय को आईटी समाधान प्रदान करने के लिए 1500 से अधिक कुशल आईटी पेशेवर शामिल हैं। एयरबस सस्टेनेबिलिटी, इंजीनियरिंग, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा पर केंद्रित संयुक्त आरएंडडी प्रोजेक्ट्स पर प्रमुख भारतीय संस्थानों के साथ सहयोग करती है। एयरबस हेलीकॉप्टर्स ने अगस्त में अपने एच125 हेलीकॉप्टर के फ्यूजलेज के निर्माण के लिए महिंद्रा एरोस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को एक कॉन्ट्रैक्ट दिया था, जो दोनों कंपनियों के बीच सहयोग और सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूत करता है।

## फ्लिपकार्ट पर दोपहिया वाहनों की मांग 3 गुना बढ़ी

**जबलपुर।** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज की तैयारियों के बीच पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बड़ी रेंज उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीद के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में वैरायटी, किफायत, भरोसा एवं 24 घंटे सपोर्ट के साथ फ्लिपकार्ट टू-व्हीलर्स काम कर रहा है। पिछले एक साल में फ्लिपकार्ट पर दोपहिया वाहनों की मांग तीन गुना हो गई है, जो ग्राहकों को केंद्र में रखकर की जाने वाली हमारी विभिन्न पहल पर उनके भरोसे को दिखाता हैं।

### एमएसएमई के लिए तीन सत्रों में होगा कॉन्क्लेव

# छोटे उद्योगों को बड़ा बनाने के लिए होगा मंथन, आगरा में जुटेंगे मंत्री और अफसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य को लेकर ताजनगरी में शनिवार को मंथन का आयोजन होगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल कैंपस में स्थित जुबली सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले कॉन्क्लेव में अधिकारी और उद्यमी अपनी बात रखेंगे। तीन सत्रों में होने वाले कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल शिरकत करेंगे।

वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व पूर्व महापौर नवीन जैन, सीजीएसटी कमिश्नर सुरक्षा कटियार, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, डीएम अरविंद एम. बंगारी, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, फुटवियर एवं चर्म निर्यात परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष एफमैक गोपाल गुप्ता, अध्यक्ष हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन आगरा रजत अस्थाना, द आगरा शू फैक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा, जिलाध्यक्ष लघु उद्योग भारती विजय गुप्ता, अध्यक्ष, नेशनल चेंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स आगरा संजय गोयल, अध्यक्ष फ्रैटर्निटी ऑफ फुटवियर्स मैन्युफैक्चरर्स एमएफआरएस कुलदीप कोहली, वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजकुमार भगत, अध्यक्ष शहीद भगत सिंह पेठा एसोसिएशन राजेश अग्रवाल, अध्यक्ष आगरा कोल्ड स्टोरेज ऑनर्स एसोसिएशन भुवेश अग्रवाल अपने-अपने सेक्टर से जुड़े सफलता के रास्तों और उन रास्तों पर आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेंगे।

## अब कोऑपरेटिव बैंक भी दे सकेंगे आधार से जुड़ी सेवाएं

**नई दिल्ली।** यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने संशोधित ढांचा जारी किया। इसके तहत अब कोऑपरेटिव बैंक भी आधार-सक्षम भुगतान सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। सहकारिता मंत्रालय के सचिव आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं का दायरा और बढ़ेगा। यह कदम सहकारी बैंकों को और आत्मनिर्भर वित्तीय संस्थान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। सहकारी बैंक अनुपालन लागत संबंधी समस्याओं के कारण आधार प्रमाणीकरण प्रणाली से बाहर रह गए थे। यूआईडीएआई ने सहकारिता मंत्रालय, नाबार्ड, एनपीसीआई और सहकारी बैंकों के परामर्श से यह सरलीकृत प्रणाली विकसित की है।

### एआई कुशलता से सशक्त बनाने का संकल्प

# पियरसन व्यू इकाई ने बहुवर्षीय विशिष्ट सहयोग की घोषणा की

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

पियरसन एवं उसकी पियरसन व्यू इकाई, जो कम्प्यूटर-आधारित परीक्षा समाधान में विश्व के अग्रणी हैं, ने आज सेल्सफोर्स जो विश्व का नंबर 1 कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ) आधारित ग्राहक संबंध प्रबंधन सिस्टम है, के साथ एक बहुवर्षीय विशिष्ट सहयोग की घोषणा की है।

इसके अंतर्गत पियरसन विश्वव्यापी स्तर पर सेल्सफोर्स प्रमाणन परीक्षाओं का एकमात्र प्रदाता बनेगा। जैसे-जैसे उन्नत तकनीकें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता व्यवसायों के संचालन के स्वरूप को परिवर्तित कर रही हैं, पेशेवर और संगठन अपनी दक्षताओं को प्रासंगिक और सटीक बनाए रखने के लिए तत्पर हैं। पियरसन और सेल्सफोर्स मिलकर इस आवश्यकता को पूरा कर रहे हैं, पियरसन व्यू के विश्वसनीय परीक्षा प्रणालियों को सेल्सफोर्स के प्रमाणन कार्यक्रम में सम्मिलित करते हुए, ताकि कर्मचारी एवं नियोक्ता नवीनतम, सत्यापित सेल्सफोर्स कौशलों से सुसज्जित हो सकें, जिनसे उनके व्यवसाय और ग्राहक दोनों को अधिकतम लाभ मिल सके।

**इस सहयोग के प्रमुख लाभों में सम्मिलित हैं**

एक नया सुव्यवस्थित प्रमाणन मार्ग, व्यापक परीक्षा सूची, तथा लचीले परीक्षा प्रसारण विकल्प। सेल्सफोर्स प्रमाणन परीक्षाओं के लिए पंजीकरण 21 जुलाई 2025 से आरंभ हो चुका है। डॉ. गैरी गेट्स (प्रबंध निदेशक, पियरसन व्यू ) ने कहाकि सेल्सफोर्स के साथ हमारा रणनीतिक सहयोग नवाचार एवं व्यवसायिक विकास के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा नवीन संगठित प्रमाणन अनुभव एक प्रकार से विश्व भर के प्रोफेशनल्स के भविष्य में हमारा निवेश है, जो व्यक्तिगत कैरियर विकास एवं संगठनात्मक सफलता के अवसर प्रदान करता है।

## क्रोमा ने आईफोन की कीमतें घटाई

**जबलपुर।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी और टाटा समूह की सदस्य, क्रोमा ने आज नई आईफोन 17 सीरीज़ पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। देश भर में उपलब्ध, इन विशेष डील्स का लाभ क्रोमा स्टोर्स, ट्राइब बाय क्रोमा आउटलेट्स, क्रोमा.कॉम और टाटा नेउ ऐप पर उठाया जा सकता है। अंतिम एक्सचेंज मूल्य सटीक मॉडल और उसकी स्थिति पर निर्भर करेगा। ऑफ़र सीमित समय के लिए लागू होंगे और केवल पात्रता, उपलब्धता और ब्रांड दिशानिर्देशों के अधीन ही मान्य होंगे।

## पहले कुत्ते को मारा, फिर आंखें निकालकर खेला कंचा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा का एक वीडियो इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है, यहां एक अजीब युवक न पहले तो एक कुत्ते की हत्या की, फिर कुत्ते की आंखें निकालकर गोटियां खेलने लगा। मामला मंगलवार शाम का है, वीडियो के मुताबिक, आरोपी ने सड़क पर मौजूद कुत्ते पर हमला किया और उसकी मौत के बाद बेरहमी से उसकी एक आंख निकाल ली। इसके बाद वह आंख से खेलता रहा, ये सब उसने सरेआम रोड पर किया और लोग देखते रहे।

### एक योजनाबद्ध उत्कृष्टता केंद्र का भी जिक्र किया

# सीआईआई के शिखर सम्मेलन में जुटे दुनिया भर के दिग्गज

**दिग्गजों ने दिया भारत के डिजिटलीकरण कनेक्टिविटी, उन्नत विनिर्माण सहित जैव प्रौद्योगिकी बढ़ते सहयोग पर जोर**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने मुंबई में आयोजित छठें वैश्विक व्यापार परिदृश्य शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के राजनयिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं को एफटीए, समुद्री विकास और हरित व्यापार में भारत के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए एकजुट किया गया। सम्मेलन ₹बदलावों का सामना करना, भविष्य को परिभाषित करना₹ विषय पर आयोजित हुआ।

जिसमें नीति निर्माताओं, राजनयिकों और उद्योग जगत के नेताओं ने वैश्विक वाणिज्य में भारत की उभरती भूमिका की रूपरेखा तैयार की। उद्घाटन सत्र में भारतीय बंदरगाह संघ के सलाहकार राजीव जलोटा (आईएएस), जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) के विशेष आर्थिक क्षेत्र के सीईओ नितीन बोरवणकर और सिंगापुर के महावाणिज्य




दूत मिंग फूंग चियोंग के साथ-साथ यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और भारतीय उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। आयोजित इस सम्मेलन में शामिल सिंगापुर के महावाणिज्य दूत मिंग फूंग चियोंग ने डिजिटलीकरण, स्थिरता, कनेक्टिविटी, उन्नत विनिर्माण और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ते सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि एक तेजी से परस्पर जुड़ती दुनिया में वैश्विक व्यापार में भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। अपने विशाल आंतरिक बाजार, हरित संसाधनों और डिजिटल कौशल के साथ, भारत व्यापार और एकीकरण के भविष्य को आगे बढ़ाने की स्थिति में है। ब्रिटिश उप उच्चायोग के व्यापार सलाहकार मार्क बिरेल ने भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर प्रकाश डाला और इसे छोटे व्यवसायों और डिजिटल व्यापार के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। जिसमें वित्तीय सेवाओं पर एक महत्वाकांक्षी अध्याय भी शामिल है। ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्य दूतावास की कार्यवाहक उप महावाणिज्य दूत जो वुडली ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों का विस्तार करने और महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग करने की भारत की क्षमता महत्वपूर्ण है, जबकि व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत करना है। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए एक योजनाबद्ध उत्कृष्टता केंद्र का भी जिक्र किया।

**बंदरगाह, रसद और समुद्री विकास**

राजीव जलोटा (आईएएस) ने बताया कि विश्व व्यापार का 80 फीसदी हिस्सा समुद्री मार्ग से होता है और 2029 तक समुद्री व्यापार में सालाना 2.4 फीसदी की वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) के माध्यम से मार्गों में विविधता लाने पर भारत के ध्यान पर जोर दिया।उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा अब हरित अनुपालन पर निर्भर करती है, और बंदरगाहों से आग्रह किया कि वे स्केलेबल हरित बंकरिंग और तटीय बिजली के साथ ऊर्जा और डेटा केंद्रों में तब्दील हों।

**लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया**

पीरामल एंटरप्राइजेज के मुख्य अर्थशास्त्री देबोपम चौधरी ने पूंजी प्रवाह और कार्यबल समावेशन के लिए एफटीए को एक रणनीतिक उपकरण बताया और व्यापार समझौतों के और अधिक विस्तार का आह्वान किया। एचपी इंडिया, बांग्लादेश और श्रीलंका की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इप्सिता दासगुप्ता ने कहाकि रत का व्यापारिक भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज की शक्तियों को कल के अवसरों के साथ कितनी जल्दी जोड़ते हैं, और विविध आवाजो को एक साथ लाकर एक लचीला और समावेशी मार्ग तैयार करते हैं। ब्लू स्टार लिमिटेड के अध्यक्ष, वीर आडवाणी ने उद्योगों से एक लचीले वैश्विक भविष्य को आकार देने में जुड़े रहने और सहयोग करने का आग्रह किया। अनुराग अग्रवाल ने नवाचार और स्थिरता को व्यवसायों और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचाने वाले अवसरों को खोलने के दो इंजन के रूप में रेखांकित किया।

### एसबीआई वित्त वर्ष 2026 में स्कॉलरशिप के लिए 90 करोड़ रुपए समर्पित करेगा

# एसबीआई ने की प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2025 की घोषणा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर इकाई, एसबीआई फाउंडेशन ने 'एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप 2025' की शुरुआत की है। इस वर्ष यह कार्यक्रम पूरे भारत के 23,230 मेधावी और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को सशक्त बनाएगा और उन्हें देश के भविष्य के नेता व राष्ट्र-निर्माता बनने में सहयोग देगा। इसके साथ ही, युवा प्रतिभाओं के समर्थन को जारी रखते हुए, एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 90 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप देने की प्रतिबद्धता जताई है। 2022 में शुरू हुई एसबीआई आशा स्कॉलरशिप, एसबीआई की युवा भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह स्कॉलरशिप वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा सुलभ बनाकर समूह की समावेशी विकास और दीर्घकालिक राष्ट्र-निर्माण की दृष्टि को मजबूत करती है। यह स्कॉलरशिप कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों को कवर करती है। इसके अंतर्गत चयनित पाठ्यक्रम की अवधि तक सालाना 15,000 रुपए से लेकर 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा कि इस वर्ष जब हम अपना प्लेटिनम जुबली उत्सव मना रहे हैं, हमें गर्व है कि हमने 'एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप' लांच की है। इस पहल से हम 23,230 प्रतिभाशाली लेकिन साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों का सहयोग करेंगे, उनके सपनों को पूरा करने में उनकी मदद करेंगे और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का अवसर देंगे। इन स्कॉलर्स के लिए एक मजबूत ईको सिस्टम बनाकर, हम उन्हें प्रगति के अगुआ बनाने और 2047 तक विकसित भारत के विज़न में सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम करना चाहते हैं।

## कौए की आवाज़ निकालने में माहिर है ये महिला

**नई दिल्ली।** हर इंसान में कोई ना कोई टैलेंट जरूर होता है। बस उसे पहचान कर उस पर मेहनत करने की जरूरत होती है। इस महिला को ही देख लीजिए, इसमें ऐसा कमाल का टैलेंट है कि देखते ही कहेंगे, 'वाह क्या बात है'। इस महिला में कुछ ऐसा टैलेंट है कि यह छत पर खड़ी होकर कौओंको बुला सकती है। कई लोग देखे होंगे, जो पशु-पक्षियों की आवाज निकालने में माहिर होते हैं, लेकिन यह महिला उनसे एक कदम आगे नजर आती है। यह कौए की ऐसी आवाज निकालती है कि दूर-दूर के सारे कौए इसकी आवाज सुनकर इसके सिर पर मंडराने लगते हैं।

## जिंदा बिच्छुओं को चिप्स की तरह खा गया ये शख्स

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ ऐसा सामने आता रहता है जो नेटिजन्स को हैरान कर देता है। हाल ही में ऐसा ही एक वीडियो इंटरनेट पर सनसनी फैला रहा है, जिसमें एक शख्स जिंदा बिच्छुओं को ऐसे चबा-चबाकर खा रहा है, जैसे वो आलू के चिप्स हों. इस वीडियो को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो सकते हैं। इस वीडियो में अफगानिस्तान के हेरात के रहने वाले सालार बेहजाद नाम के एक कंटेंट क्रिएटर नजर आ रहे हैं। वीडियो में शख्स एक के बाद एक जिंदा बिच्छुओं को उठाकर चबाते हुए नजर आ रहा है। यही नहीं, शख्स के चेहरे पर बिच्छुओं के डंक मारने का जरा भी खौफ नहीं है। वह बिच्छुओं को ऐसे खा रहा है, मानो उसे ऐसा करने में बड़ा मजा आ रहा हो। एक यूजर ने लिखा, बड़े खतरनाक लोग हैं भाई। दूसरे ने लिखा, लगता है चाइना की हवा लग गई अरब को।

# खतरों से भरा है मंगल ग्रह पर ठहरना

**वॉशिंगटन।** सालों से वैज्ञानिक मंगल ग्रह पर इंसानों को भेजने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिकता के बढ़ते दौर में भी ये संभव नहीं हो पाया है। नासा का कहना है कि मंगल ग्रह पर इंसानों को भेजने पर बड़े खतरे का सामना करना पड़ सकता है जो किसी भी मिशन से बिल्कुल अलग है। यहां पर जाने वाले यात्रियों को शारीरिक मानसिक खतरों के अलावा पर्यावरणीय खतरों का भी सामना करना पड़ सकता है।



**सौर कणों से निकलने वाला विकिरण**

सबसे गंभीर खतरों में से एक ब्रह्मांडीय किरणों और सौर कणों से निकलने वाला विकिरण है। पृथ्वी के विपरीत, जो एक घने वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र से सुरक्षित है। मंगल पर जाने वाले इंसानों को इन विकिरणों का सामना करना पड़ेगा, जिसे लेकर नासा ने कहा है कि नासा के अनुसार यह कैंसर, दिमाग को नुकसान और सोचने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

**कम है गुरुत्वाकर्षण**

मंगल का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का केवल 38 प्रतिशत है, कम गुरुत्वाकर्षण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। इसके अलावा हृदय संबंधी कमजोरी हो सकती है, हालांकि व्यायाम वगैरा करके इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। मंगल पर एक मिशन में अत्यधिक अलगाव शामिल हो सकता है। अंतरिक्ष यात्री महीनों तक एक छोटी सी जगह में, एक ही छोटे समूह के साथ, पूरी तरह अकेले रहेंगे, पृथ्वी से बात करने में 22 मिनट तक की देरी होगी, जिससे तुरंत बातचीत नहीं हो सकेगा।, नासा के मुताबिक ये स्थिति नींद में खलल डाल सकती है। इसके अलावा तनाव पैदा कर सकती है।

**दिन गुजारना है खतरनाक**



रिपोर्ट के मुताबिक मंगल ग्रह की यात्रा काफी ज्यादा लंबी हो सकती है, यहां पर यात्रा करने के लिए महीनों लग सकते है और यहां दोबार सामान भेजना संभव नहीं हो जाएगा। इसे लेकर नासा का कहना है कि पानी, ऑक्सीजन और भोजन को या तो साथ ले जाना होगा या मंगल पर बनाना होगा। ऐसे में एक लंबे मिशन पर बड़ी चुनौतियां होंगी। वहां पहुंचने से ज्यादा खतरनाक वहां पर दिन गुजारना है और ऐसे खतरे देखे जा सकते हैं, जो इससे पहले कभी नहीं देखे गए हैं।

## यह शहर हर गर्भवती महिला को देता है 1.3 लाख रुपए की मदद

**न्यूयार्क।** किसी भी महिला के लिए प्रेग्नेंट होना सौभाग्य की बात होती है। ऐसे में हर देश में प्रेग्नेंट महिलाओं को कई तरह की सुविधाएं भी दी जाती हैं। वहीं, आज हम आपको उस शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां प्रेग्नेंट महिला को 1.3 लाख रुपए मिलते हैं, ताकि वह अपना और बच्चे का ध्यान अच्छे से रख सके। साथ ही बच्चे की जरूरत का सामान आसानी से खरीद सके। अमेरिका के फ्लिंट, मिशिगन में प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को 1.3 लाख रुपए (1,500 डॉलर) और बच्चे के जन्म के पहले साल के लिए 500 (44 हजार) डॉलर हर महीने दिए जाते हैं। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने साल 2024 में फ्लिंट मिशिगन में रक्स किड्स नाम के एक कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें प्रेग्नेंट महिलाओं ये धनराशि दी जा रही है।




**इस पहल से दूर हुआ तनाव**


रिपोर्ट में प्रीस्कूल टीचर और दो बच्चों की मां एंजेला सिंटेरी के बारे में बताया गया, जो इस प्रोग्राम के बारे में सुनकर शुरू में हैरान थी। हालांकि, शुरुआत में उन्हें इस पर भरोसा नहीं था, लेकिन बाद में इस योजना के बारे में जाना तो उन्होंने अपना अल्ट्रासाउंड और पहचान पत्र जमा करके इसमें नामांकन कराया। जिसके बाद जल्द ही, उनके अकाउंट में पैसे आ गए। जिससे वह कार की सीट, बच्चे का पालना और उनके लिए जरूरी चीजें खरीदने में सक्षम हो पाई। बता दें, इन पैसों के कारण ही वह मई 2024 में जन्मी अपनी बेटी जोलेन लव के साथ समय बिताने के लिए 14 हफ्ते की छुट्टी ले सकी थी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल



**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।


**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।


**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।



**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5995



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 5994 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 6005

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENADHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

शारदीय नवरात्र विशेष

# आदिशक्ति की आराधना का महापर्व



जगत-जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना का वार्षिक महापर्व शारदीय नवरात्र का कल से शुभारंभ हो रहा है। पौराणिक काल से भारतीय जन मानस और संस्कृति में मां शक्तिस्वरूपा के पूजन की परंपरा आज भी बनी हुई है। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप, उनकी व्यापकता और उनके पूजन-भक्ति विधान पर यहां विस्तार से बता रहे हैं।



आवरण कथा
आचार्य गोविंद बल्लभ जोशी

सनातन हिंदू धर्म व्यक्तिवादी नहीं मानवतावादी धर्म है, जहां प्रकृति और परमब्रह्म का चिंतन-मनन निहित है। 'एको अहम बहु स्याम' (अर्थात मैं एक होकर अनेक हो जाऊं) की संकल्पना से प्रारंभ होकर जब एक परमब्रह्म को यह लगा मैं एक से अनेक रूपों में होना चाहता हूं, तब उन्होंने अपनी पराप्रकृति आदि शक्ति का आलंबन लेकर जगत की सृष्टि प्रारंभ की। तब जलचर, थलचर, नभचर जीवों की उत्पत्ति इस जग जीवन को अलंकृत करने लगी। वहीं अन्न और वनस्पति जगत ने सभी के योगक्षेम का दायित्व प्रारंभ किया। आशय यह है कि इन सभी की आधार चेतना शक्ति के रूप में परांबा जगज्जननी आदिशक्ति दुर्गा भवानी विद्यमान हुईं। इसी आदिशक्ति की प्रकृति- परमात्मा की पूजा-आराधना का व्रत पर्वोत्सव है शारदीय नवरात्र में नव दुर्गा का उपासना पर्व।

## चराचर की चैतन्यशक्ति

मां आदिशक्ति भगवती चराचर की चैतन्य शक्ति हैं, प्रकृति में चेतना भरने वाली शक्ति ही पराम्बा भगवती दुर्गा हैं।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनन्येत्यभिधीयते
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

मां दुर्गा जगत-उत्पत्ति जगत-पालन और जगत-संहार का कारण हैं। संसार का सार तत्व ही दुर्गा हैं। इनके बिना यह जगत असार है।

सृष्टि स्थिति विनाशानाम् शक्ति भूता सनातनी

सदैव विद्यमान चेतना शक्ति के कारण ही मां आदिशक्ति को सनातनी कहा गया है। यही आदिशक्ति अनेक कारणों से संसार में अनेक रूपों में अवतरित होती हैं और संसार के बिगड़ते संतुलन को व्यवस्थित करती हैं। इसी कारण यह संसार की व्यवस्थापिका हैं। कभी प्रकृति के असंतुलन को ठीक करने हेतु, कभी आसुरी शक्तियों का संहार कर दैवीशक्तियों को जागृत कर बलवती बनाने को, तो कभी अपने भक्तों का आर्त दूर करने आदि अनेक कारणों से अपनी विविध शक्ति स्वरूपों में प्रकट होती हैं।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे
सर्वस्यार्त हरे देवि नारायणी नमोस्तुते।

## सौम्य के साथ रौद्रस्वरूपा

भवसागर से पार उतारने वाली होने के कारण इन्हें भवानी कहते हैं। मां का स्वरूप अतिसौम्य भी है तो अतिरौद्र भी है। सौम्य और सात्विक जनों की रक्षा हेतु मां दुर्गा रौद्र रूप धारण कर उन्हें आसुरी ताकतों से बचाती हैं और वात्सल्यमयी सौम्य स्वरूपा होकर भक्तजनों की रक्षा करती हैं।

अति सौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्मै नमो नमः।

वस्तुतः शुंभादि दैत्यों का संहार होने के बाद इंद्रादि देवताओं ने इसी प्रकार माता दुर्गा की स्तुति प्रार्थना की थी। जो जगदंबा देवताओं की रक्षा करने हेतु अवतरित हुईं, वह मनुष्यों का भय



क्यों नहीं हरण करेंगी, जो लोग इसी श्रद्धा-भक्ति से मां की आराधना करते हैं, उन्हें लौकिक सुख एवं पारलौकिक सुख दोनों प्राप्त होते हैं।

## सहज भक्ति भी है फलदायी

कलिकाल में तो उनकी सहज भक्ति ही फलदायी बताई गई है। शास्त्र कहते हैं कि 'कलौ चंडी विनायकौ' अर्थात कलिकाल में चंडिका एवं विनायक गणपति जी महाराज की उपासना तत्काल फलदायी है। आसुरी ताकतों एवं दुष्ट प्रवृत्तियों से मुक्त होने का यह एकमात्र साधन है। राष्ट्र एवम सनातनधर्म की रक्षा हेतु चंडी-विनायक आराधना बहुत महत्वपूर्ण है। इसीलिए उपासना क्रम में विनायक गणपति आराधना के बाद ही दुर्गापूजा उत्सव आता है। इसीलिए प्राचीन काल से ही राजा और प्रजा सभी दुर्गा-उपासना पर्व को नवरात्र महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने नवरात्र आराधना एवं विजयदशमी पूजन के बाद लंकाविजय की हुंकार भरी थी।

## नवरात्र पूजन विधि-विधान

भक्तजनों की सुविधा हेतु संक्षिप्त पूजा विधान इस प्रकार दिया जा रहा है ताकि आप अपने पूजास्थल पर नवरात्र आराधना कर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त कर सकें।

नित्य कार्यों से निवृत्त होकर गंगा-यमुना, कृष्णा, कावेरी, सिंधु, गोदावरी आदि नदियों का स्मरण करते हुए तीर्थ स्नान का पुण्य प्राप्त करने के बाद पूजा स्थान पर जाकर सर्वप्रथम सामग्री को व्यवस्थित कर स्वयं को केसरयुक्त रोली तिलक करें। फिर अखंडदीप जलाएं। तत्पश्चात स्वास्तिक बनाकर चौकी पर कलश स्थापित करें। कलश में हल्दी का एक टुकड़ा, एक सिक्का और आम-अशोक के पत्ते डालें। उनके ऊपर साबुत चावलों का भरा हुआ एक कटोरा, पूर्णपात्र के रूप में स्थापित करें। पूर्णपात्र में नारियल रखें। जटा नारियल का मुख ऊपर आसमान की ओर अथवा स्वयं की ओर करें। पुनः कलश को चारों ओर से लाल अथवा पीले वस्त्र से आच्छादित करें और उसे मौली से बांधना चाहिए। वहीं दो सुपारी रिद्धि-सिद्धि सहित श्री गणपति महाराज के रूप में स्थापित करें। उनके ऊपर कलावा का गोला, एक जोड़ा यज्ञोपवीत और दूर्वा रखकर हाथ जोड़कर कलश में सभी देवी-देवताओं के निमित्त पूजन प्रारंभ करें। सर्वप्रथम उन्हें आसन के निमित्त फूल अर्पित करें, फिर हाथ में फूल, रोली, अक्षत लेकर ध्यान लगाकर अर्पित करें। माता दुर्गा की प्रतिमा अथवा चित्र के समक्ष उनका आह्वान करें। दुर्गा जी की प्रतिमा के आगे कलश में ही गणपति, मातृका कलश वरुण, नवग्रह आदि का इस प्रकार पूजन करें। उन्हें चार बार आचमनी से जल समर्पित करें। इसका तात्पर्य यह है कि आप उनके चरण धो रहे हैं। हाथ से अर्घ्य दे रहे हैं। मुख में आचमनी करा रहे हैं और चौथी बार उनका सर्वांग स्नान करा रहे हैं। तत्पश्चात उन्हें वस्त्र अर्पित करें। वस्त्र के बाद तिलक करें। उन्हें धूप, दीप दिखाएं, फिर पंचमेवा लड्डू आदि प्रसाद चढ़ाना चाहिए। उसके बाद फल, तांबूल आदि अर्पित कर कुछ द्रव्य भेंट चढ़ाकर आरती करनी चाहिए।

इसके बाद प्रधान पूजा अर्थात नवदुर्गा पूजा भी इसी प्रकार पाद्य, अर्घ्य, आचमनी और सर्वांग स्नान, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, तांबूल आदि क्रम में रखें। भगवती दुर्गा के नौ के नौ रूपों का प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। जो दिन जिस स्वरूप का हो, उस स्वरूप की उस दिन विशेष पूजा करनी चाहिए। सायंकाल गाय के घृत अथवा तिल के तेल से उनकी भक्तिभाव से आरती कर पुष्पांजलि करनी चाहिए और हाथ जोड़कर इस श्लोक का उच्चारण करें-

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्र्यंब्के गौरी नारायणी नमोस्तुते।

तत्पश्चात दोनों हाथ आस-पास की ओर उठाकर मां दुर्गा को शरणागत होते हुए कहें-

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे,
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणी नमोस्तुते।



इस प्रकार आप मां नवदुर्गा की आराधना कर सकते हैं। यदि संभव हो तो दुर्गा सप्तशती का पाठ करें या हिंदी अनुवाद पढ़ते हुए मां के नव स्वरूपों एवं चरित्रों को आत्मसात करें।

अष्टमी अथवा नवमी के बाद प्रत्येक भक्त परिवार को नवार्ण मंत्र से हवन कर मां को हलवा, पूड़ी, छोले का प्रसाद भोग लगाकर कन्या पूजन अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात भोज प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। *

# बंगाल की भव्य-पारंपरिक राजबाड़ी दुर्गा पूजा



भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजा

वैसे तो शारदीय नवरात्र में पूरे बंगाल में दुर्गा पूजा की छटा देखते ही बनती है। लेकिन वहां कुछ दुर्गा पूजाओं की परंपरा कई सदी पुरानी हैं। अपने में परंपरा, इतिहास और आस्था की त्रिवेणी समेटे इन दुर्गा पूजाओं में से कुछ पर एक नजर।

पर्व परंपरा / शिखर चंद जैन

हालांकि सनातन धर्म के सभी अनुयायी दुर्गा पूजा में पूरी श्रद्धा और उत्साह से सम्मिलित होते हैं, लेकिन बांग्ला भाषियों के लिए यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव होता है। इन दिनों बंगाल जगमगाती रोशनी और सुर्ख रंगों से सज जाता है। चारों तरफ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, नए कपड़ों, मोहक सजावट वाले थीम आधारित भव्य-विशाल पंडाल और उत्साह-उमंग भरा उत्सवी माहौल नजर आता है। लेकिन इन सबसे दूर कुछ अत्यंत पारंपरिक, कुलीन और राजघरानों की दुर्गा पूजाएं भी आयोजित की जाती हैं, जो विशुद्ध रूप से सात्विक वातावरण और रीति-रिवाजों से आयोजित की जाती हैं। ये घराने दशकों से और इनमें से कुछ तो सदियों से दुर्गा पूजा मनाते आ रहे हैं। कई राजबाड़ियां (घराने) आज भी अस्तित्व में हैं। पूजा के दौरान इनमें सम्मिलित होना आस्था के सागर में डुबकी लगाने जैसा अनुभव देता है।



**बागबाजार हलदरबाड़ी दुर्गा पूजाः** यह भी कोलकाता की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण दुर्गा पूजा की सूची में शामिल है। हलदरबाड़ी की दुर्गा प्रतिमा की पिछले 447 वर्षों से प्रतिदिन पूजा की जाती रही है। यह प्रतिमा बलुआ पत्थर से बनी है और लगभग 600 से 700 वर्ष पुरानी है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इसे बंगाल के पाल साम्राज्य के शासनकाल में निर्मित किया गया था। कुमारी पूजा, हलदरबाड़ी दुर्गा पूजा के मुख्य आकर्षणों में से एक है।

**भूकैलाश राजबाड़ी दुर्गोत्सवः** महाराजा जय नारायण घोषाल ने लगभग 300 साल पहले भूकैलाश राजबाड़ी में इस दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी, जो अब खिदिरपुर क्षेत्र में है। यहां पर महिषासुरमर्दिनी यानी मां दुर्गा की मूर्ति अष्टधातु से बनी है और देवी घोड़े के आकार के शेर पर सवार हैं।

**भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गा पूजाः** भवानीपुर दे बाड़ी दुर्गोत्सव की शुरुआत वर्ष 1870 में हुई थी। इस पूजा की एक खासियत यह है कि इसकी प्रतिमा में महिषासुर, अंग्रेज सैनिकों की तरह कोट और पैंट पहनते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसे ब्रिटिश काल में सबसे पहले अंग्रेजों के विरोध में बनाया गया था। यहां यह परंपरा आज भी जारी है।

**बिष्णुपुर राजबाड़ी दुर्गापूजाः** इसकी शुरुआत लगभग 994 ईस्वी में हुई थी। यह पूरे बंगाल क्षेत्र की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजाओं में से एक है। इस पूजा को 'मृणमयी मां की



पूजा' के नाम से भी जाना जाता है। यहां दुर्गोत्सव की शुरुआत 15 दिन पहले ही हो जाती है। इस उत्सव के दौरान यहां माता रानी को सांकेतिक रूप से तोप की सलामी भी दी जाती है। नवमी के दिन गुप्त पूजा बंद कमरे में होती है।

**लाहा बारी दुर्गोत्सवः** यह वैष्णव परिवार महिषासुर वध को अहिंसक मानता है, इसलिए यहां मां दुर्गा का शांत रूप देखने को मिलता है। यह पूजा कितनी पुरानी है, इस पर विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वानों का कहना है कि भगवान प्राण कृष्ण लाहा ने लगभग 170 साल पहले यह पूजा सबसे पहले की थी, जबकि कुछ अन्य लोगों का मानना है



कि प्राण कृष्ण के पिता श्री राजीव लोचन लाहा ने लगभग 200 साल पहले इसकी शुरुआत की थी।

**मल्लिक बाड़ी दुर्गा महोत्सवः** यह कोलकाता की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजा में से है। भवानीपुर का मल्लिक परिवार के पूर्वज मुख्यतः वैष्णव धर्म का पालन करते थे। कहते हैं 15वीं शताब्दी ईस्वी में नवाब हुसैन शाह के समय से अब तक इस परिवार के सदस्य देवी दुर्गा की एक ही रूप में पूजा करते आ रहे हैं। ये वैष्णव धर्म का पालन करते हैं, इसलिए पूजा के पांच दिनों तक शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। *

## शोभा बाजार राजबाड़ी दुर्गा पूजा

**शोभा बाजार** राजबाड़ी के राजा नवकृष्ण देव ने 1757 में पहली बार यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया था। यहां प्राचीन रीति-रिवाजों के अनुसार दशभुजा की पारंपरिक पूजा की जाती है। यहां गैर-हिंदुओं को राजबाड़ी के बाहरी भाग में स्थित 'नाच घर' या नृत्य मंडप में विशिष्ट हिंदू पारिवारिक समारोह देखने को मिलता है। राजा नव कृष्ण देव ने इस दुर्गा पूजा की शुरुआत सभी धर्मों के लोगों को परिसर में प्रवेश की अनुमति देकर की थी। प्लासी के युद्ध के बाद, उन्होंने वॉरेन हेस्टिंग्स और लॉर्ड क्लाइव को भी इस भव्य पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। ऐसा कहा जाता है कि देवी दुर्गा, शाही महल के 'नाच घर' में बजने वाले मधुर गीतों को सुनने के लिए आती थीं।



गजल
गोविंद भारद्वाज




एक ऐसा ही शिफा उसने हमारा कर दिया,
बंद निगाहों से मेरी मां ने उतारा कर दिया।
थे जहां में आदमी हम भी बड़े ही काम के,
इश्क ने हमको यकीनन अब नकारा कर दिया।
छोड़ कर दुनिया चले आए उसी के पास हम,
बस निगाहों से जो उसने इक इशारा कर दिया।
थे कभी शबनम जमाने की निगाहों में अजी,
बेवफाई ने मगर उसकी अंगारा कर दिया।
प्यार उसने भी किया था बेतहाशा ही मगर,
नाम बदनाम लेकिन क्यों तुम्हारा कर दिया?
अब चले तन्हा कमाई के लिए परदेश में,
इस कमाने की हवस ने बेसहारा कर दिया।
पास जब दौलत रही सब खास थे 'गोविंद' के,
मुफलिसी के दौर में सब ने किनारा कर दिया।

कहानी / भूपेंद्र भारतीय

आज के दौर में व्यवस्था तंत्र इतना भ्रष्ट हो चुका है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी आम आदमी इसमें उलझ कर कसमसाता रहता है। इर्द-गिर्द मौजूद दलाल भी इस भ्रष्ट व्यवस्था के पोषक बन जाते हैं। भ्रष्ट व्यवस्था के तंत्र में फंसे एक आम आदमी पर केंद्रित कहानी।

# चाय की गुमटी




आज सुबह से रुक-रुककर तेज बारिश हो रही थी। सितंबर माह का पहला सोमवार था, भादो की बरखा पूरे रंग में थी। तहसील के सामने वाली चाय की गुमटी में बैठा नयाराम तहसीलदार और पटवारी की बाट जोह रहा था। दोपहर की घड़ी आ गई थी। लग रहा था जैसे सूरज देवता बादलों के पार आराम कर रहे हैं। अब तक तहसील में कोई ज्यादा चहल-पहल नहीं हुई थी। सुबह से हो रही बारिश के कारण तहसील के आस-पास वाली दुकानें बंद थीं। बस कुछ ही लोग दिख रहे थे। नयाराम को अपने गांव से तहसील आए तीन घंटे बीत चुके थे। इन तीन घंटों में उसने दो चाय और आठ-दस बीड़ी पी ली थी। नयाराम अपने हल्के के पटवारी को भी निरंतर मोबाइल लगा रहा था, लेकिन पटवारी का सुबह से मोबाइल बंद आ रहा था। नयाराम दो-तीन बार तहसील के चपरासी से तहसीलदार और पटवारी के आने के बारे में पूछ चुका था। चपरासी का एक ही जवाब होता, 'साहब क्षेत्र में दौरे पर हैं, पता नहीं कब आएंगे।'

नयाराम के पिता की मृत्यु हुए करीब एक वर्ष से ऊपर हो गया था, लेकिन उसके पिता उसकी पुश्तैनी जमीन के कागजों में अब तक जिंदा थे। गुमटी में बैठे-बैठे उसे अपने 'जीसाहब' की बहुत सी बातें रह-रह कर याद आ रही थीं। नयाराम अपने पिता को 'जीसाहब' संबोधित करता था। बीड़ी का करीब आधा बंडल वह फूंक चुका था। मन बहलाने और समय काटने के लिए नयाराम के पास बीड़ी ही अंतिम साधन थी। चाय के लिए पैसे लगभग समाप्त हो चुके थे। आधे दिन से ऊपर का समय बीत चुका था। चाय की गुमटी वाले ने नयाराम की बेचैनी को देखकर उससे पूछा 'क्यों भाई, कब से बैठे हो? किसका इंतजार है? पटवारी-तहसीलदार या फिर किसी दलाल का...।'

नयाराम बोला, 'अरे भाई तहसीलदार, पटवारी दोनों की बाट देख रहा हूं। लेकिन देखो, आधा दिन से ऊपर हो गया है, अब तक किसी के दर्शन नहीं हुए। इतनी भी बारिश नहीं हो रही है कि तहसील ना आएं। सरकारी अधिकारी होकर कोई जिम्मेदारी नाम की भी चीज होती है, जनता जाए भाड़ में।' चाय वाला हल्की मुस्कान के साथ बोला, 'अरे भाई, यहां तो ऐसा ही चलता है। लगता है तुम्हें तहसील में काम-काज का ढंग पता नहीं है। यहां सीधे-सीधे काम करवाना श्रीहरि के दर्शन प्राप्त करने जैसा है भाई।'

नयाराम ने चाय वाले को अपना काम बताया कि पिता की मृत्यु के बाद पुश्तैनी जमीन का नामांतरण होना है। इस काम के लिए तहसीलदार, पटवारी से मिलने के लिए चक्कर पर चक्कर लगा रहा है। चायवाला नयाराम को एक और चाय देते हुए बोला, 'पहले शांति से यह चाय पी लो, फिर मैं तुम्हें बताता हूं तुम्हारा काम कैसे होगा।'

नयाराम ने चाय पीने के बाद एक और बीड़ी जला ली। इस बार उसने चाय वाले की ओर भी बीड़ी का बंडल बढ़ाया। चाय वाले ने भी उसमे से एक बीड़ी निकालकर जला ली। बीड़ी पीते हुए वह बोला, 'देखो भाई, आज का दिन तो तुम्हारा गया। अब साहब का आना मुश्किल है। लगता है साहब आज क्षेत्र के दौरे पर लंबे निकल गए हैं। तुम कल जल्दी आ जाना। मैं तुमको एक व्यक्ति से मिलवा दूंगा। वह तुम्हारा सारा काम बहुत आसानी से करवा देगा। बस तुम्हें थोड़ा खर्चा-वर्चा करना होगा।'

नयाराम पहले चौंका फिर उदास स्वर में बोला, 'लेकिन भाई कितना खर्चा होगा?'

चायवाला आहिस्ता से बोला, 'अरे, डरो मत। ज्यादा खर्चा नहीं होगा, तुम्हारा काम कम में ही हो जाएगा।'

नयाराम सोच में पड़ गया।

नयाराम की भाव-भंगिमा देखकर चाय वाला बोला, 'ज्यादा विचार मत करो, कल आराम से आओ, फिर बात करते हैं। अब गांव वापस जाओ, बारिश और ज्यादा हो सकती है। इस बार भादो अच्छा बरस रहा है।'


नयाराम एक नई उम्मीद के साथ अपने गांव को चलने के लिए उठा। उसने चाय वाले को चाय के लिए पचास का नोट दिया। चायवाला बोला, 'अरे भाई, कल करते हैं सारा हिसाब, आज रख लो यह नोट। अपने बच्चों के लिए बाजार से कुछ खाने की चीज ले जाना।'

नयाराम ने एक ओर बीड़ी जलाई और बोला, 'कल आता हूं।' फिर चाय वाले को राम-राम करके गांव जाने के लिए बाजार की ओर बढ़ गया। आज तहसील में उसका सारा दिन बेकार हो चुका था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गहन जीवनदृष्टि से उपजी कहानियां

अगर देखने की गहन दृष्टि हो तो रोजमर्रा के जीवन में हमारे आस-पास तमाम ऐसी घटनाएं और किरदार मिल जाएंगे, जिनसे कहानी की रचना की जा सकती है। वरिष्ठ कथाकार हरि भटनागर को इस कला में दक्षता हासिल है। इस बात की तस्दीक करती हैं कुछ समय पूर्व छपकर आए उनके कहानी संग्रह 'आपत्ति' की कहानियां। इस संग्रह में कुल जमा बारह कहानियां संकलित हैं। हर कहानी की भावभूमि और कथावस्तु, हमें जीवन के अनछुए या कहें कि प्रायः उपेक्षित किए जाने वाली छवियों से रूबरू कराती है। संग्रह की छोटी सी कहानी है 'मोहम्मद', जिसमें कथाकार ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि असहिष्णुता किस तरह से व्यक्ति की चेतना और संवेदना को नष्ट कर देती है। शीर्षक कहानी 'आपत्ति' अपनी तरह की अनोखी कहानी है, जिसमें एक सुअरिया की गतिविधियों और भाव भंगिमाओं से उसके मनोविज्ञान का विश्लेषण लेखक ने किया है। संग्रह की अन्य कहानियों में कहीं वे घर के आस-पास विचरते पक्षियों, जानवरों पर कहानी बुन लेते हैं तो कहीं वे दरवाजे पर लटकते ताले के इर्द-गिर्द भी कहानी गढ़ लेते हैं। कह सकते हैं कि इस संग्रह की कहानियों को पढ़ते हुए यह साबित होता है कि जहां कहानी जन्म लेने की संभावना बिल्कुल नजर नहीं आती, वहां भी लेखक ने कहानी को रचा और पूरी कसावट के साथ बुना है। *




**पुस्तकः** आपत्ति (कहानी संग्रह), **लेखकः** हरि भटनागर, **मूल्यः** 265 रुपए, **प्रकाशकः** राजपाल एंड संस, दिल्ली



# पहले राउंड के बाद शीर्ष 20 में अदिति

**रोजर्स।** भारत की अदिति अशोक ने वॉलमार्ट एनडब्ल्यू अर्कांसस चैंपियनशिप में पहले दौर में बोगी रहित पांच अंडर 66 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। सारा श्मेलजेल और मिनामी कात्सु ने पिनेकल कंट्री क्लब में आठ अंडर 63 का स्कोर बनाकर पहले राउंड के अंत में संयुक्त बढ़त बना ली। अदिति ने पहले नौ होल पर दो बर्डी के साथ शुरुआत की और 13वें, 15वें और 18वें होल पर भी बर्डी बनाकर दिन में अपनी बर्डी की संख्या पांच तक पहुंचाई। कनाडा की भारतीय मूल की खिलाड़ियों में सबामा ग्रेवाल ने अपने पहले राउंड में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया और संयुक्त 45वें स्थान पर रहीं, जबकि गुरलीन कौर ने एक अंडर 70 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 86वें स्थान पर है।

# ला सेला ओपन : हिताशी और प्रणवी ने कट में बनाई जगह

**एलिकांटे (स्पेन)।** भारतीय खिलाड़ियों में केवल प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी ही स्पेन में ला सेला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बना सकी, जबकि कनाडाई किशोरी अन्ना हुआंग ने बोगी-मुक्त छह-अंडर 66 के साथ शीर्ष पर तीन शॉट की बढ़त बना ली।



हिताशी ने पहले राउंड में 72 के बाद दूसरे राउंड में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया और अब वह 36 होल तक एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जबकि प्रणवी (73-73) संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। रिधिमा दिलावरी (75-72) एक शॉट से कट से चूक गईं। उनके अलावा अवनि प्रशांत (78-70), दीक्षा डागर (73-75), वाणी कपूर (78-71) और त्वेसा मलिक (71-78) भी कट से चूक गईं, जो दो ओवर पर गया।



फेडेक्स ओपन

# गोल्फर अहलावत और शुभंकर कट से चूके

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत और शुभंकर शर्मा गोल्फ डे सेंट-नोम-ला-ब्रेटेचे में आयोजित किए जा रहे फेडेक्स ओपन डी फ्रांस में कट से चूक गए। अहलावत ने दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया, जिससे वह कट हासिल करने में नाकाम रहे। शर्मा (74-71) भी कट से चूक गए। लगातार चार प्रतियोगिताओं में कट में जगह बनाने के बाद अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर में कट से चूक गए। कट इवन पार पर निर्धारित किया गया था जबकि अहलावत (71-73) दूसरे राउंड के बाद दो ओवर पार पर थे। अहलावत ने अपने दूसरे राउंड में तीन बोगी, चार बर्डी और एक ट्रिपल बोगी लगाई। इस बीच मार्कस आर्मिटेज ने दूसरे राउंड में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाकर दो स्ट्रोक की बढ़त बरकरार रखी है।

## खबर संक्षेप



### सुपर चार में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे वेल्लालगे

**दुबई।** अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौटने वाले श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी दुनिथ वेल्लालगे वापस टीम से जुड़ गए हैं और शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वेल्लालगे के पिता सुरंगा का गुरुवार रात को 54 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उसी दिन इस 22 वर्षीय स्पिनर ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के ग्रुप बी लीग मैच में हिस्सा लिया था। इस युवा खिलाड़ी को मैच के बाद ही अपने पिता के निधन की खबर पता चली और वह जल्द से जल्द उपलब्ध उड़ान से कोलंबो वापस आ गया। वह शुक्रवार रात टीम मैनेजर महिंदा हालंगोडे के साथ यूएई लौट आया।

### सुपर 4 मैच में पाइक्रॉफ्ट ही होंगे मैच रैफरी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच की जिम्मेदारी फिर अपने एलीट पैनल के मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को सौंपी है जबकि पीसीबी ने बार बार उन्हें हटाने का अनुरोध किया था।



टूर्नामेंट के एक सूत्र ने बताया, 'एंडी पाइक्रॉफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।' इसके बाद पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने सुपर 4 मुकाबले से पहले मीडिया से बातचीत नहीं करने का फैसला किया। रविवार के मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। भारतीय टीम ने पिछले रविवार को नीतिगत फैसले के अंतर्गत पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया था और इस मुकाबले में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी थे। लेकिन पाइक्रॉफ्ट उस समय विवाद के केंद्र में आ गए जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय परंपरा का पालन नहीं किया।

### विश्व कप में स्वछंदता से खेलना अहम : सना

**दुबई।** पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तान फातिमा सना ने कहा कि उनकी टीम आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें साझेदारियां बनाने के साथ स्वछंदता से खेलना महत्वपूर्ण होगा।



आठ टीम वाला यह विश्व कप 30 सितंबर से 2 नवंबर तक श्रीलंका और भारत में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी और अपने अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। इसके बाद पाकिस्तान का सामना पांच अक्टूबर को भारत से, आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से, 15 अक्टूबर को इंग्लैंड से, 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से, 21 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से और 24 अक्टूबर को मेजबान श्रीलंका से होगा।

एशिया कप : मैच आज रात 8 बजे से

# महामुकाबला आज : सुपर 4 में पाकिस्तान पर दबदबा कायम रखने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| दुबई

दोनों टीमों में बढ़ते तनाव के बीच भारत जब रविवार को एशिया कप सुपर 4 के मैच में पाकिस्तान का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपनी स्पिन तिकड़ी के दम पर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक और प्रभावशाली जीत दर्ज करना होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम जब आमने-सामने होती हैं तो उनके खिलाड़ियों के बीच तनाव बना रहता है लेकिन इस बार यह नए स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके साथियों ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे नया बवाल पैदा हो गया। ऐसा समझा जाता है कि भारतीय टीम इस रविवार को भी पड़ोसी देश के खिलाफ इसी नीति को जारी रखेगी तथा हाथ मिलाना भी संभवतः आम बात नहीं होगी, क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ी और उनके समर्थक इस मैच को ''द्वेषपूर्ण मैच'' के रूप में देख रहे हैं।



### बुमराह और चक्रवर्ती की मैच में वापसी

पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले सूर्यकुमार को टीम के सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को परखने की जरूरत थी। पूरी संभावना है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह अंतिम एकादश में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि ओमान के 43 वर्षीय बल्लेबाज आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा जैसे कम चर्चित खिलाड़ियों ने इस जोड़ी की जमकर धुनाई की। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वापसी होगी। इन दोनों को ओमान के खिलाफ मैच में विश्राम दिया गया था। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिचें धीमी गेंदबाजों के लिए मददगार हैं और एक बार फिर से कुलदीप यादव (टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट), अक्षर और वरुण पर जिम्मेदारी होगी कि वे निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में पलड़ा झुकाएं। अगर अक्षर फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मिल सकती है।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तकनीक खराब

पाकिस्तान की टीम अप्रत्याशित प्रदर्शन करने के लिए मशहूर रही है लेकिन वर्तमान टीम कमजोर नजर आ रही है विशेष कर बल्लेबाजी विभाग में। उसके बल्लेबाज अभी तक स्पिन गेंदबाजों को समझने में नाकाम रहे हैं। पाकिस्तान के लिए यह शर्मनाक बात है कि उसके वर्तमान खिलाड़ियों की तकनीक काफी खराब है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, जो लगातार दो बार शून्य पर आउट हुए, गेंद से अधिक प्रभाव डालने के कारण उपहास का विषय बन गए हैं क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में रन बनाने की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं। साहिबजादा फरहान, हसन नवाज और शाहीन शाह अफरीदी ही टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नजर आ रहे हैं।

### सूर्यकुमार लौटेंगे अपने चिरपरिचित स्थान पर

संजू सैमसन ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक बनाया था, लेकिन अगर दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल जल्दी आउट हो जाते हैं तो पाकिस्तान के खिलाफ उनके तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना कम है। कप्तान सूर्यकुमार फिर से अपने चिरपरिचित स्थान पर लौटेंगे, जिसने उन्हें विश्व का नंबर एक बल्लेबाज बना दिया है।

निर्णय

# साइ ने स्टेडियमों का बढ़ाया किराया, कड़े किए नियम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने अपने स्टेडियमों को खेल प्रतियोगिताओं के लिए सही तरह से बनाए रखने के लिए इनमें होने वाले गैर खेल आयोजन के लिए शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है और कड़े दंड का प्रावधान भी रखा है।

दिल्ली में साइ के पांच आयोजन स्थल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज हैं। संस्था ने घोषणा की कि खेल मंत्रालय के मान्यता प्राप्त महासंघों और संघों के आयोजित राष्ट्रीय और




अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए आयोजन स्थलों को किराए पर लेने के लिए बिजली शुल्क के अलावा कुछ भी भुगतान नहीं करना होगा।

### 25 लाख रुपए किया किराया

मुख्य रूप से एथलेटिक्स और फुटबॉल का आयोजन स्थल नेहरु स्टेडियम संगीत समारोहों जैसे गैर-खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए सबसे लोकप्रिय है और पहले भारतीय कलाकारों के इसके मुख्य क्षेत्र को बुक करने के लिए 4.5 लाख रुपए का खर्च आता था। लेकिन अब इसे 25 लाख कर दिया गया है। आयोजन के बाद यदि स्टेडियम की साफ सफाई में कमी पाई जाती है तो आयोजकों से प्रतिदिन के शुल्क के हिसाब से 10 प्रतिशत जुर्माना वसूला जाएगा। इन आयोजकों को काली सूची में डालने का प्रावधान भी रखा गया है। दंड की शुरुआत कभी-कभी अपने स्टेडियमों की खराब स्थिति के कारण की गई है। इसका सबसे ताजा उदाहरण जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में लोकप्रिय पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती' संगीत कार्यक्रम का है, जिसके अंत में स्टेडियम को अव्यवस्थित स्थिति में पाया गया था।

फैसला

# मिलान-कॉर्टिना खेलों में अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे रूसी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मिलान

रूस के खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले मिलान-कॉर्टिना शीतकालीन खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने कहा कि उसने कभी भी इजरायल पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा नहीं की। आईओसी ने मिलान में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद पुष्टि की कि वह पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाई गई प्रणाली का पालन करेगा, जिसके तहत रूस के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी।



### आईओसी ने 2023 में रूस कर दिया था निलंबित

आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा, 'हमने मिलान-कॉर्टिना खेलों में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों को लेकर बात की। कार्यकारी बोर्ड बिल्कुल वही दृष्टिकोण अपनाएगा, जो पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाया गया था। इसमें कुछ भी बदलाव नहीं हुआ है।' रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद आईओसी ने 2023 में रूसी ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही रूस के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग ले रहे हैं। इजरायल के गाजा में हमले के बाद उस पर भी इस तरह का प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है।

# चीन पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट : हुबैदा और एले की जोड़ी ने जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

भारत के अबु हुबैदा और प्रेम कुमार एले की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष पैरा बैडमिंटन जोड़ी ने सेमीफाइनल में चीन के माई जियानपेंग और क्यू जिमो से 4-21, 10-21 से हारने के बाद यहां चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय में डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी दो जीत और एक हार के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नांग न्गुयेन और चीनी ताइपे के यू यू ओंग की जोड़ी को 21-6, 21-10 से तथा भारत के हारिस मैथिली श्रीकुमार और चेक गणराज्य के जिबनेक सिकोरा की जोड़ी को 21-10, 21-12 से हराया। ग्रुप चरण में उन्हें एकमात्र हार (12-21, 9-21) जापान के डाइकी काजीवारा और कीता निशिमुरा के खिलाफ मिली। डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 व्हीलचेयर पर निर्भर खिलाड़ियों के लिए है।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी जूनियर महिला हॉकी टीम, ज्योति को कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिफेंडर ज्योति सिंह 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी, जो 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में होने वाले पांच मैचों में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की जूनियर महिला टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग में भाग लेने वाले क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगी। यह दौरा एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगा, जो दिसंबर में चिली के सैंटियागो में आयोजित किया जाएगा।



**निधि और हर्षा रानी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी**

भारतीय टीम में निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगी, जबकि डिफेंस में मनीषा, ज्योति, लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, इशिका, सुनेलिता टोप्पो और अनिशा साहू जबकि फॉरवर्ड पंक्ति में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में जगह बनाना चाहते हैं शर्मा, जेम्स और देशमुख

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स और यश देशमुख भले ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बड़ा नाम कमाने का सपना देख रहे हों, लेकिन उन्होंने अपने मूल देश भारत के साथ संबंध नहीं तोड़ा है। आस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की बहु-प्रारुपीय घरेलू श्रृंखला उनके लिए भारत के कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से मिलने और विचारों का आदान-प्रदान करने का एक शानदार अवसर है। यह श्रृंखला रविवार से ब्रिस्बेन में शुरू होगी।



### ऑस्ट्रेलियाई खेल संस्कृति के साथ तालमेल बिठाने हुई कठिनाई : जॉन

ऑलराउंडर जॉन जेम्स, जोमेश और स्मिता के पुत्र हैं, जो बेहतर करियर की तलाश में केरल के वायनाड से ऑस्ट्रेलिया चले गए थे, लेकिन शुरुआत में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई खेल संस्कृति के साथ तालमेल बिठाने में कठिनाई हुई। जेम्स ने ब्रिस्बेन से कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे सामने सबसे बड़ी चुनौती तब आई जब हम सिडनी से एक घंटे की दूरी पर सेंट्रल कोस्ट चले गए।

### ऑस्ट्रेलियाई जीवन में ढलना नहीं था आसान : आर्यन

जेम्स की तरह ही चंडीगढ़ के रहने वाले बल्लेबाजी ऑलराउंडर आर्यन शर्मा को भी याद है कि ऑस्ट्रेलियाई जीवन में ढलना उनके परिवार के लिए आसान नहीं था। आर्यन ने कहा, 'मेरे पिताजी 2005 में ऑस्ट्रेलिया में बस गए।

### उथल-पुथल भरे थे दिन : यश

यश देशमुख का परिवार महाराष्ट्र से ऑस्ट्रेलिया चला गया था और इस ऑलराउंडर ने बताया कि शुरुआती दिन काफी उथल-पुथल भरे थे। उन्होंने कहा, 'भाषा संबंधी बाधाओं, सांस्कृतिक अंतर और अन्य कारणों से यह (ऑस्ट्रेलिया में बसना) आसान नहीं था, लेकिन हम धीरे-धीरे इसके अनुकूल ढलने में सफल रहे।

चाइना मास्टर्स : सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चिया और यिक को दी मात

# सात्विक-चिराग फाइनल में, चिर-प्रतिद्वंद्वी को हराया

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शनिवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया।

पिछले हफ्ते विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी आरोन और सोह को 21-17, 21-14 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच से पहले सात्विक और चिराग का दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 4-11 था। भारतीय जोड़ी ने हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में आरोन और सोह को हराकर कांस्य पदक जीता था।



### दूसरे गेम में सात्विक और चिराग की बढ़त

दूसरे गेम में सात्विक और चिराग ने 5-2 की बढ़त को 8-2 तक पहुंचाया। हालांकि मलेशियाई खिलाड़ियों ने अंतर 6-8 तक कम कर दिया। पर ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी 11-6 की बढ़त बनाए थे। भारतीय जोड़ी ने फिर 15-9 की बढ़त में इजाफा करते हुए इसे 16-12 कर दिया। अंत में मलेशियाई खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठाते हुए भारतीय जोड़ी मुकाबला जीत गई।

### भारतीय जोड़ी का आक्रामक रुख

*भारतीय जोड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और फ्रंट कोर्ट पर भी दबदबा बनाए रखा जबकि मलेशियाई खिलाड़ी विशेषकर आरोन 41 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान लय में नहीं दिखे। शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों कड़ी टक्कर देखने को मिली। आरोन और सोह ने लगातार चार अंक लेकर 10-7 की बढ़त बना ली। लेकिन आरोन की तीन गलतियों से सात्विक और चिराग ने वापसी की। ब्रेक तक मलेशियाई खिलाड़ियों ने एक अंक की बढ़त बनाई हुई थी। आरोन नेट पर फिर लड़खड़ा गए जिससे भारतीयों को फिर से बढ़त मिल गई। सात्विक के लगातार स्मैश लगाए और प्रतिद्वंद्वियों की गलतियों ने भारतीय जोड़ी को 18-14 से आगे कर दिया। सात्विक के शानदार रिटर्न ने उन्हें चार गेम प्वाइंट दिलाए, जिससे उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया।*




HDFC BANK FESTIVE TREATS Get instant discount up to ₹10,000* on your credit card EMI & on select cards*.
pine labs Our platform, your move.
TOLL FREE NO. 1800-266-0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Compared to all scooters in the 125cc segment as per internal testing. **Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *As per internal benchmarking of 125cc scooters in India under standard conditions. Actual mileage may vary based on road and riding conditions. *Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079